(a) Vyavharika (b) Paarmarthika

(c) Pratibhashika (d) None of these

32. निम्नलिखित में से अनुभववादी तर्कशास्त्री कौन हैं-

(a) लॉक (b) बर्कले

(c) ह्यूम (d) ये सभी

Who amog the following is an Empirisist Logician?

(a) Locke (b) Berkeley

(c) Hume (d) All of these

33. अनासक्ति योग नामक ग्रन्थ की रचना किसने की ?

(a) तिलक (b) महात्मा गाँधी

(c) डॉ. राधाकृषणन (d) इनमें से कोई नहीं

'Anasakti Yoga' is written by

(a) Tilak (b) Mahatma Gandhi

(c) Dr.Radhakrishnan (d) None of these

34. इनमें से कौन अभाव पदार्थ नहीं है-

(a) प्रागाभाव (b) ध्वंसाभाव

(c) अन्योन्याभाव (d) समवाय

Which of the following is not Abhaav?

(a) Pragabhava (b) Dhwansabhaava

(c) anyonyabhaava (d) Samvaya

35. कर्म सिद्धान्त कारणतावाद है-

(a) नैतिक (c) प्राकृतिक

(c) तार्किक (d) इनमें से कोई नहीं

Karma Theory is

(a) Moral (b) Natural

(c) Logical (d) None of these

36. त्रिपिटक किस दर्शन से संबंधित है-

(a) जैन (b) बौद्ध

(c) न्याय (d) इनमें से कोई नहीं

Tripitak is concerned with

(a) Jaina (b) Bauddha

(c) Nyaya (d) None of these

37. अनुमान के लिए व्याप्ति आवश्यक है-

(a) नहीं (b) हाँ

(c) संशयपूर्ण (d) इनमें से कोई नहीं

Vyapti for Anumana (Inference) is essential

(a) No (b) Yes

(c) Dubious (d) None of these

38. किस ज्ञान द्वारा वस्तु के अनन्त धर्मों का ज्ञान प्राप्त होता है-

(a) केवल्य ज्ञान (b) मनः पर्याय ज्ञान

(c) मति ज्ञान (d) इनमें से कोई नहीं

Infinite Attributes of objects are known through

(a) Kevalya Jnan (b) Manah Paryaya Jnan

(c) Mati Jnan (d) None of these

39. ऋत का अर्थ है-

(a) प्राकृतिक व्यवस्था (c) न्यायिक व्यवस्था

(c) नैतिक व्यवस्था (d) इनमें से कोई नहीं

The meaning of Rta is

(a) Natural System (b) Judicial System

(c) Moral system (d) None of these

40. सात्विक अहंकार में किस गुण की प्रधानता रहती है ?

(a) सत्व गुण (b) तमो गुण

(c) रजो गुण (d) इनमें से कोई नहीं

Which attribute prevails in Satvik Ahankar?

(a) Satva Guna (b) Tamo Guna

(c) Rajo guna (d) None of these

भाग–II

Section-II

(Non-Objective Type Questions)

Group-B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Type Questions)

सभी प्रश्नों के उत्तर दें : **10 × 3 = 30**

Answer All Questions : **10 × 3 = 30**

1. न्याय दर्शन का लौकिक प्रत्यक्ष क्या है ? संक्षेप में बताइए।

   What is ordinary perception of Nyaya Phiolosophy ?

2. न्याय दर्शन के अनुसार अनुमान के आवश्यक अंग क्या है ?

   What are the necessary parts of inference according to Nyaya Philosophy?

3. ज्ञान लक्षण प्रत्यक्ष क्या है ? समझाइए।

   What is complication of perception? Explain

4. न्यायसूत्र में प्रमा किसे कहा गया है ?

   What is Prama in Nyayasutra ?

5. योग दर्शन के अनुसार यम कितने प्रकार के हैं ?

   How many Yamas are there according to Yoga Philosophy?

6. विश्लेषणात्मक वाक्य से आप क्या समझते हैं?

   What do you mean by Analytic sentence ?

7. जन्मजात प्रत्यय का क्या अर्थ है?

   What is the meaning of Innate Ideas?

8. अनुभववाद में सरल प्रत्यय का क्या अर्थ है ?

   What is Simple Idea in Empiricism ?

9. मनुष्य की कर्म संबंधी अवधारणा क्या है?

   What is the concept of man's duty?

10. पर्यावरणीय नीतिशास्त्र क्या है ?

    What is Environmental Ethics?

खण्ड-स

Group - C
(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Type Questions)

11. निष्काम कर्म की तुलना काण्ट के 'कर्त्तव्य कर्त्तव्य के लिए होता है' सिद्धान्त से कीजिए।

    Compare Niskama Karma with Kant's theory 'Duty for Duty Sake'.

12. "ऊपर ब्रह्म अर्थात् ईश्वर जगत् की उत्पत्ति, पालन एवं संहार करता है। इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

    "The Absolute i.e. God originate, Protect and decay of the world." Clarify this statement.

13. योग-दर्शन के अष्टांगिक मार्ग के यम एवं भेदों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।

    Discuss briefly Yama and Bheda of Eight fold Paths of Yoga Philosophy ?

14. प्रत्ययवाद की निबन्धात्मक व्याख्या कीजिए।

    Describe an analytical views of Idealism ?

15. व्यावसायिक नीतिशास्त्र क्या है ?

    What is professional ethics ?

- ANSWERS -

1. (c)	2. (a)	3. (c)	4. (b)	5. (d)	6. (b)
7. (c)	8. (c)	9. (d)	10. (a)	11. (b)	12. (a)
13. (b)	14. (a)	15. (d)	16. (a)	17. (a)	18. (b)
19. (b)	20. (d)	21. (c)	22. (a)	23. (d)	24. (d)
25. (b)	26. (c)	27. (b)	28. (d)	29. (b)	30. (b)
31. (b)	32. (d)	33. (c)	34. (d)	35. (a)	36. (b)
37. (a)	38. (c)	39. (a)	40. ( )		

- ANSWER -

1. जिसे प्रत्यक्ष ज्ञान समझा जाता है वह लौकिक प्रत्यक्ष है। इसमें वस्तुओं के साथ इन्द्रियों का साधारण रूप से सन्निकर्ष होता है।
2. न्याय दर्शन के अनुसार अनुमान के आवश्यक अंग है- हेतु, साध्य और पक्ष।
3. ज्ञान लक्षण प्रत्यक्ष अलौकिक प्रत्यक्ष का एक प्रकार है। एक इन्द्रिय से किसी दूसरे इन्द्रिय के विषय का ज्ञान प्राप्त होना, ज्ञान लक्षण प्रत्यक्ष कहलाता है। जैसे-बर्फ देखकर उसके ठंढापन का ज्ञान।
4. न्यायसूत्र में यथार्थज्ञान को प्रमा कहा गया है।
5. योग दर्शन में यम पाँच प्रकार के हैं-अहिंसा, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य।
6. विश्लेषणात्मक वाक्यों में किसी पद का विश्लेषण मात्र किया जाता है। वाक्य के विधेय का गुण उसके उद्देश्य में ही छिपा रहता है। उससे किसी नवीन ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती।
7. बुद्धिवादी दार्शनिकों के अनुसार मनुष्य में जो प्रत्यय जन्म से विद्यमान रहते हैं, उन्हें जन्मजात या सहज प्रत्यय कहते हैं।
8. अनुभववाद के अनुसार हमारी इन्द्रियाँ जब किसी पदार्थ के सम्पर्क में आती है, तब उस पदार्थ की जो संवेदना हमारा मन स्वीकार करता है, वह सरल प्रत्यय कहलाता है।
9. मनुष्य की कर्मसंबंधी अवधारणा के अनुसार अच्छे कर्मों का फल अच्छा ही होता है और बुरे कर्मों का फल बुरा होता है।
10. प्रकृति एवं संसाधनों से जुड़ी समस्याओं का नैतिक अध्ययन पर्यावरणीय नीतिशास्त्र कहलाता है।
11. काण्ट का 'कर्त्तव्य कर्त्तव्य के लिए' का सिद्धांत गीता के निष्काम कर्म से मिलता-जुलता है। काण्ट का कहना है कि हमें कोई भी काम कर्त्तव्य समझकर ही करना चाहिए, न कि उसके फल की इच्छा रखकर। दोनों के विचारों में काफी समानता पाई जाती है। काण्ट के दर्शन में कर्त्तव्य-भावना पर जोर दिया गया है, तो गीता में निष्काम कर्म की प्रधानता स्वीकार की गयी है। कर्म का नैतिक गुण कर्त्ता की बुद्धि के अधीन माना गया है। दोनों ने ही व्यक्ति की महत्ता स्वीकार की है। स्वतंत्र संकल्प दोनों की ही दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गीता कहती है- जैसा तुम चाहते हो वैसा करो। कांट भी कहते हैं- "तुम चाहते हों, इसलिए तुम कर

सकत हो।" विषयवासना पर नियंत्रण दोनों का आदेश है। कांट व्यावहारिक बुद्धि को महत्वपूर्ण मानते हैं, तो गीता व्यावसायिक बुद्धि को महत्व प्रदान करती है। दोनों ने कर्मों का आधार लोकहित माना है।

उपर्युक्त समानताओं के बावजूद दोनों में निम्नलिखित अंतर पाये जाते हैं-

(1) गीता की नीति का आधार ब्रह्मविद्या है, तो कांट ब्रह्मविद्या उनकी नीतिविद्या पर आधृत है।

(2) गीता की शुद्ध बुद्धि कांट की बुद्धि से अधिक व्यावहारिक है।

(3) कांट इन्द्रियों के दमन का आदेश देते हैं मगर गीता उच्चतर इच्छाओं के लिए निम्न इच्छाओं को त्यागने पर जोर देते हैं।

(4) कांट कर्त्तव्यपालन में किसी प्रकार का अपवाद नहीं मानते, मगर गीता परिस्थितिविशेष में अपवाद को भी स्वीकार करती है।

(5) कांट की नीति ज्ञानप्रधान है, गीता की नीति में ज्ञान, भक्ति एवं कर्म के तत्वों का अद्‌भुत सामंजस्य पाया जाता है।

(6) कांट नैतिकता को ही एकमात्र आदर्श मानते हैं, किन्तु गीता 'मोक्ष' को चरम आदर्श मानते हैं।

गीता का निष्काम कर्म का संदेश कांट की अपेक्षा अधिक व्यापक एवं श्रेष्ठकर है।

12. ईश्वर सगुण एवं व्यक्तित्वपूर्ण है। यह सर्वज्ञ, सर्वव्यापी, अंतर्यामी, स्वतंत्र एवं एक है। इसे 'सच्चिदानंद' भी कहा जाता है। इसमें सत्ता, चैतन्य एवं आनंद पाए जाते हैं। यह सद्‌गुणों की खान है। यह विश्व का रचयिता, पालन-पोषणकर्त्ता और संहारक है। यह विश्व की रचना माया द्वारा करता है। 'माया' इसकी शक्ति का नाम है, जिसके द्वारा यह लीला करता है।

शंकर ने ईश्वर को अंतिम कारण कहा है। यह सभी वस्तुओं का कारण होते हुए भी स्वयं अकारण है। ईश्वर व्यक्तियों को कर्मफल देता है। शुभ कर्मों के लिए पुरस्कार एवं अशुभ कर्मों के लिए दंड देता है। नैतिकता का आधार ईश्वर ही है।

ईश्वर विश्व की रचना क्यों करता है ? ईश्वर पूर्ण हे। उसकी कोई भी इच्छा अपूर्ण नहीं है। वह किसी भी अभाव से पीड़ित से पीड़ित नहीं है। इसलिए विश्व की रचना के मूल में उसका कोई व्यक्तिगत प्रयोजन नहीं है। वह तो लीला या क्रीड़ा के वश विश्व की रचना करता है। ईश्वर विश का उपादानकारण और निमित्तकारण दोनों हैं। यह मूलतः निष्क्रिय रहता है, किन्तु माया के कारण क्रियाशील हो जाता है।

ईश्वर विश्वकायी तथा विश्वातीत दोनों है। शंकर कहते है कि तर्कों के आधार पर ईश्वर का अस्तित्व नहीं सिद्ध किया जा सकता, बल्कि श्रुति के आधार पर ईश्वर की सत्ता सिद्ध की जा सकती है।

वेदांत दर्शन में ईश्वर का महत्वपूर्ण स्थान है। पारमार्थिक दृष्टिकोण से ईश्वर असत्य अवश्य है, किन्तु व्यावहारिक दृष्टिकोण से यह बहुत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है। व्यावहारिक जीवन की सफलता एवं मोक्ष की प्राप्ति में ईश्वर अत्यधिक उपयोगी है।

13. मोक्ष प्राप्ति के लिए तत्वज्ञान तथा विवेक का होना अनिवार्य है परन्तु योग-दर्शन की मान्यता है कि जबतक मनुष्य का चित्त विकारों से परिपूर्ण है तब तक विवेक ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। योग दर्शन में चित्त की स्थिरता तथा चित्तवृत्तियों के निरोध के कुछ उपायों का उल्लेख किया गया है। इसी मार्ग को अष्टांग मार्ग कहा गया है। इसमें आठ चरण या सोपान है-(1) यम (2) नियम (3) आसन (4) प्राणयाम (5) प्रत्याहार (6) धारणा (7) ध्यान तथा (8) समाधि। प्रथम पाँच योगांग बाह्य साधन हैं,

इसलिए इन्हें 'बहिरंग साधन' कहते हैं। किन्तु धारणा, ध्यान और समाधि योग से साक्षात रूप से सम्बद्ध होने कारण 'अंतरंग' कहे जाते हैं।

यम-अष्टांग योग का प्रथम अंग- 'यम'। यम से आशय है- कायिक, वाचिक तथा मानसिक रूप से संयमित होना। योग-दर्शन में इस प्रकार संयम के निम्नलिखित पांच नियमों का उल्लेख हैं-

(१) अहिंसा- अहिंसा से आशय है- सभी प्राणियों के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा को न अपनाना। प्राणियों के प्रति क्रूर-व्यवहार भी नहीं करना चाहिए। अहिंसा का योग-दर्शन में विशेष महत्व है।

(२) सत्य- सत्य से आशय है- हर प्रकार के मिथ्या वचन का पूर्ण परित्याग। प्राणियों के लिए हितकर वचन ही बोलने चाहिए।

(३) अस्तेय- इसका आशय है कि किसी अन्य व्यक्ति की धन-सम्पत्ति को अनुचित ढंग से ग्रहण न करना अर्थात् चोरी हेराफेरी न करना।

(४) ब्रह्मचर्य- ब्रह्मचर्य का आशय है, विषय-वासनाओं में लिप्त न होना।

(५) अपरिग्रह- अपरिग्रह से आशय है- केवल लोभवश अनावश्यक वस्तुओं को संचित न करना।

ये सभी निषेधात्मक स्वरूप के हैं।

14. प्रत्ययवाद तथा वस्तुवाद ज्ञान के विषय की स्थिति के संबंध में परस्पर-विरोधी सिद्धांत है। प्रत्ययवाद के अनुसार ज्ञान का विषय ज्ञाता या अनुभवकर्त्ता पर आधृत है। इसके विपरीत, वस्तुवाद के अनुसार ज्ञेय का अस्तित्व अनुभवकर्त्ता पर निर्भर नहीं है, बल्कि इसका स्वतंत्र अस्तित्व रहता है।

प्रत्ययवाद के दो प्रकार हैं-(1) ज्ञानशास्त्रीय प्रत्ययवाद, तथा (2) तत्वशास्त्रीय प्रत्ययवाद।

तत्वशास्त्रीय प्रत्ययवाद के अनुसार मूलतत्व प्रत्ययात्मक अथवा आध्यात्मिक है। यह भौतिकवाद का ठीक उलटा सिद्धांत है। ज्ञानशास्त्रीय प्रत्ययवाद ज्ञान के विषय को ज्ञाता या अनुभवकर्ता पर निर्भर मानता है। इसका ठीक उलटा सिद्धांत वस्तुवाद है।

प्रत्ययवाद ज्ञान को परमार्थ मानता है। मनुष्य अपने ज्ञान की सीमा से बाहर नहीं जा सकता। अज्ञात और अज्ञेय के विषय में किसी प्रकार की चर्चा करना असंभव है। ज्ञाता और ज्ञेय के परस्पर संबंध के कारण ही ज्ञेय का अस्तित्व सत्य है।

साधारण लोगों के दिमाग में यह बात आसानी से नहीं घुसती कि ज्ञेय का अस्तित्व ज्ञाता पर निर्भर है। किन्तु, जब मनुष्य अपने अनुभव में आनेवाली वस्तुओं पर गौर करने लगता है तो उसे पता चलता हे कि ज्ञेय का स्वरूप ज्ञाता से बिलकुल स्वतंत्र नहीं कहा जा सकता। एक छड़ी हवा में उसे सीधी लगती है तो पानी में वही टेढ़ी दीख पड़ती है। ऐसे उदाहरणों से ज्ञेय के वस्तुनिष्ठ में उसे शंकर होने लगती है और वह प्रत्ययवाद की ओर जुड़ता है।

पाश्चात्य दर्शन में ग्रीन, कैयर्ड, ब्रैडले, बर्कले एवं जाकिम आदि इसके प्रमुख समर्थक हैं। भारतीय दर्शन में बौद्धों का योगाचार सम्प्रदाय प्रत्ययवाद का समर्थक है। यह सम्प्रदाय सभी वस्तुओं को मन या ज्ञाता पर आघृत मानता है।

15. मानव को जन्म तो मिल गया, लेकिन जीवन-यापन के लिये अर्थ की आवश्यकता होती है। सबसे प्रथम आवश्यकता तो भोजन की ही होती है। यह भोजन बिना रुपये-पैसे की व्यवस्था किये बिना तो संभव नहीं

है। मानव जीवन की तीन मूलभूत आवश्यकताएँ हैं- रोटी, कपड़ा और मकान। इन तीनों ही मूलभूत आवश्यकताओं के लिए धन की आवश्यकता है। यह धन की आवश्यकता कुछ-न-कुछ व्यवसाय करके ही पूरी हो सकती है। व्यवसाय की भी कई श्रेणियाँ हैं- सरकारी व्यवसाय तथा व्यक्तिगत व्यवसाय।

धीरे-धीर सभ्यता के विकास के साथ-साथ जनता की मांग बढ़ी जिस कारण नये-नये व्यवसायों ने जन्म लिया। ये व्यवसाय विभिन्न कार्यकुशताएँ, लिए हुए लोगों की मांग करने लगे। ये मांगे विभिन्न नये-नये व्यावसायिक पाठ्यक्रमों द्वारा पूरा की जाने लगी।

धर्म का पालन करते हुए अर्थ अर्थात् धन कमाना, यह शर्त भारतीय दर्शन में लगा दी गयी ताकि यदि कोई व्यक्ति अनैतिक रूप से अर्थ कमाता है तो वह धर्म नहीं है।

जैन धर्म में तो बारह महासिद्धांतों के अंतर्गत कहा जाता है कि गलत माप-तौल का व्यापार में सहारा न लें।

प्रत्येक कार्य-व्यापार में कुछ नैतिक मूल्य भी पाये जाते हैं। ये नैतिक मूल्य मानव को उसकी सीमा से बाहर नहीं जाने देते परंतु यदि आज के समय पर दृष्टिपात करें तो हम पायेंगे कि आज किसी भी विषय में नैतिक मूल्य नहीं रह गया है। बेईमानी, चोरी, फरेब, झूठ तो जैसे लक्ष्य की तरह से बन गये हैं। मानव को इस बात का डर ही नहीं है कि उसका कोई भी अनैतिक कृत्य उसे पतन के मार्ग पर ले जायेगा। हर व्यवसाय में मानो जैसे कि विशेष रूप से बेईमानी करने के विशेष मार्ग हैं- बेईमान के विशेष रूप है।

❑

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

PHILOSOPHY

Set-VI

MODEL PAPER - VI

कुल प्रश्नों की संख्या : 40 + 10 + 5 = 55

Total No. of Questions : 40 + 10 + 5 = 55

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 24

Total No. 1 of Printed Pages : 24

PHILOSOPHY

A.-PHL. (OPT)

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Marks : 100

परीक्षार्थी के लिये निर्देश :

Instructions to the candidate :

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
   Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
   Figures in the right hand margin indicate full marks.
3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ भाग संख्या, खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।
   Write Section number, Group number and Question number with every answer.

निर्देश : इस प्रश्न-पत्र में दो भाग-भाग-I एवं भाग-II हैं। भाग-I में खण्ड-अ एवं भाग-II में खण्ड-ब एवं खण्ड-स हैं।

भाग-I : भाग-I के खण्ड-अ के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। इस खण्ड के प्रश्न संख्या 1 से 40 तक प्रत्येक 1 अंक का है।

भाग-II : भाग-II के सभी प्रश्न गैर-वस्तुनिष्ठ हैं। भाग-प्पके खण्ड-ब के प्रश्न लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। भाग-प्पके खण्ड-स के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

***Instructions* :**

This paper consists of two Sections - Section - I and II. Section - I consists of Group - A and Section - II consists of Group-B & Group - C.

***Section*-I :** Group A of Section - I are Objective Type Questions. In this group Question Nos. 1 to 40 carry 1 mark each.

***Section*-II :** All Questions of Section - II are Non-Objective Type. Group -B of Section-II are Short Answer Type questions. Answer all 10 questions. Each question carries 3 marks. Group-C of Section-II are Long Answer Type Questions. Answer all 5 questions. Each question carries 6 marks.

Model Paper - VI

भाग–I

Section - I

खण्ड–अ

Group - A

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

(Objective Type Questions)

सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें। सही उत्तर का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें:

40 × 1 = 40

Answer all the questions. Answer each question by Selecting the correct answer

40 × 1 = 40

1. ज्ञान की प्राप्ति निगमनात्मक विधि से होती है-

(a) बुद्धिवाद में (b) अनुभववाद में

(c) समीक्षावाद में (d) इनमें से कोई नहीं

Deductive method of knowledge is applied in

(a) Rationalism (b) Empiricism

(c) Criticism (d) None of these

2. ज्ञान की प्राप्ति आगनात्मक विधि से होती है-

(a) बुद्धिवाद (b) अनुभववाद

(c) समीक्षावाद (d) इनमें से कोई नहीं

Inductive method of Knowledge is applied in:

(a) Rationalism (b) Empiricism

(c) Criticism (d) None of these

3. किसका मानना है कि कोई प्रत्यय जन्मजात नहीं होता है-

(a) लॉक (b) देकार्त

(c) स्पिनोजा (d) इनमें से कोई नहीं

Who among the following refuted Innate Ideas?

(a) Locke (b) Descartes

(c) Spinoza (d) None of these

4. जैन दर्शन में ज्ञान की सापेक्षता का सिद्धान्त क्या है-

(a) स्याद्वाद (b) अनेकान्तवाद

(c) ख्यातिवाद (d) इनमें से कोई नहीं

What is the theory of Relativity of knowledge in Jaina Philosophy?

(a) Syadvad (b) Anekantvad

(c) Khyativad (d) None of these

5. स्पिनोजा ने स्वीकारा है-

(a) अंत:क्रियावाद (b) समानान्तरवाद

(c) पूर्वस्थापित सामंजस्यवाद (d) इनमें से कोई नहीं

Spinoza accepts:

(a) Interactionalism (b) Parallelism

(c) Pre-Established Harmony (d) Non of these

6. अभाव के दो प्रकार हैं-

(a) संसर्गाभाव (b) अन्योन्याभाव

(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

Two types of Non-Existence:

(a) Sansargabhaav (b) Anyonyabhav

(c) Both a & b (d) None of these

7. वैशेषिक दर्शन में पदार्थों की कितनी संख्या स्वीकार की गयी है?

(a) तीन (b) चार

(c) सात (d) पाँच

Padartha, in Vaisesika Philosophy are:

(a) Three (b) Four

(c) Seven (d) Five

8. यथार्थ ज्ञान कहलाता है :

(a) प्रमा (b) अप्रमा

(c) प्रमाण (d) इनमें से कोई नहीं

Real knowledge is called :

(a) Prama (b) Aprama

(c) Pramana (d) None of these

9. कौन प्रथम तीर्थंकर हैं ?

(a) पार्श्वनाथ (b) महावीर

(c) आदिनाथ (d) गौतम

Who is the first Tirthankara ?

(a) Parshvanath (b) Mahavir

(c) Adinath (d) Gautam

10. शंकर का सिद्धांत है ?

(a) विशिष्टाद्वैत (b) निरपेक्षवाद

(c) अद्वैत (d) इनमें से कोई नहीं

Theory of Shankara is

(a) Vishishtadvaita (b) Nirapakeshavada

(c) Advaita (d) None of these

11. भारतीय दर्शन है :

(a) व्यावहारिक (b) अव्यवहारिक

(c) परिकल्पनात्मक (d) इनमें से कोई नहीं

Indian Philosophy is -

(a) Practical (b) Impractical

(c) Hypothetical (d) None of these

12. भारतीय दर्शन के दो सम्प्रदाय हैं :

(a) प्राकृतिक और अप्राकृतिक (b) भौतिकवादी और अध्यात्मवादी

(c) आस्तिक और नास्तिक (d) इनमें से कोई नहीं

Two Schools of Indian Philosophy are

(a) Natural and Unnatural (b) Materialistic and Idealistic

(c) Orthodox and Heterodox (d) None of these

13. किसने कहा कि मनुष्य सभी वस्तुओं का मापदंड हैं ?

(a) अरस्तु (b) प्लेटो

(c) सोफिस्ट (d) बेन

Who said that man is the measure of all things

(a) Aristotle (b) Plato

(c) Sophists (d) Ben

14. जैन किसकी उपासना करते थे ?

(a) ईश्वर की (b) आत्मा की

(c) तीर्थंकर की (d) ब्रह्म की

Who is worshipped by the Jainas?

(a) God (b) Soul

(c) Tirthankaras (d) Brahma

15. इनमें से कौन बुद्धिवादी हैं :

(a) देकार्त (b) बर्कले

(c) ह्यूम (d) लॉक

Who among the following is a rationalist?

(a) Descartes (b) Berkley

(c) Hume (d) Locke

16. न्याय-वैशेषिक केवल एक प्रकार का मोक्ष मानना है-

(a) विदेह (b) जीवन

(c) परिनिर्वाण (d) निर्वाण

What kind of Moksha is accepted in Nyaya-Vaisheshika?

(a) Videha (b) Jivan

(c) Parinirvana (d) Nirvana

17. भगवान बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ दिया-

(a) कपिल वस्तु (b) कौशाम्बी

(c) सारनाथ (d) गया

Where did Lord Buddha delivered his first preaching?

(a) Kapilvastu (b) Kaushambi

(c) Sarnath (d) Gaya

18. द्वादशनिदान में संस्कार का कारण है-

(a) विज्ञान (b) नाम-रूप

(c) षडायतन (d) अविद्या

The cause of Sanskar in Dwadashnidan:

(a) Vigyan (b) Naam-roop

(c) Shadaytana (d) Avidya

19. श्वास-प्रस्वास प्रक्रिया को नियंत्रित कर उसे एक क्रम में लाना क्या कहलाता है-

(a) धारणा (b) ध्यान

(c) समाधि (d) प्राणायाम

Bringing forth a sequence in breathing is called

(a) Dharna (b) Dhyana

(c) Samadhi (d) Pranayama

20. मोक्ष के लिए 'कैवल्य' शब्द का प्रयोग किस दर्शन में हुआ है-

(a) बौद्ध (b) जैन

(c) चार्वाक (d) वेदान्त

Which philosophy uses the term 'Kaivalya' for Moksha?

(a) Buddhism (b) Jaina

(c) Charvaka (d) Vedanta

21. अविद्या एवं इसके नाना कार्यों की समाप्ति है-

(a) अविद्या (b) तृष्णा

(c) समाधि (d) निर्वाण

The cessation of Avidya and its effects are called:

(a) Avidya (b) Trishna

(c) Samadhi (d) Nirvana

22. वस्तु का धर्म है-

(a) परिवर्तनशील (b) आकास्मिक

(c) अनित्य (d) ये सभी

Attribute of an object is:

(a) Changing (b) Casual

(c) Non-eternal (d) All of these

23. सांख्य के अनुसार मोक्ष की प्राप्ति होती है-

(a) धर्म से (b) कर्म से

(c) ज्ञान से (d) सभी से

Moksha accordind to Samkhya is attained by

(a) Virtues (b) Rituals

(c) Knowledge (d) All of the above

24. सबसे उत्कृष्ट जीव किसे कहा गया है-

(a) मुक्तजीव (b) बद्धजीव

(c) एकेन्द्रीय (d) इनमें से कोई नहीं

The Purified Jiv is

(a) Free soul (b) Bound Soul

(c) jiva with one sense (d) None of these

25. 'पदार्थ धर्म संग्रह' नामक भाष्य की रचना किसने की थी ?

(a) उदयन (b) प्रशस्तवाद

(c) कणाद (d) श्रीधर

Who wrote 'Padartha Dharm Sangraha"?

(a) Udayan (b) Prashastpad

(c) Kanad (d) Sridhar

26. वैशेषिक के अनुसार पृथ्वी का गुण क्या है-

(a) स्पर्श (b) शब्द

(c) गन्ध (d) रस

What is the attribute of Earth according to Vaishesika?

(a) Touch (b) Sound

(c) Smell (d) Taste

27. लोकसंग्रह सिद्धान्त है-

(a) सुखवाद (b) सर्वकल्याणवाद

(c) पूर्णतावाद (d) ये सभी

Lokasangraha is a theory of

(a) Hedonism (b) All welfare

(c) Perfectionism (d) All of these

28. भगवान बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ दिए-

(a) कपिल वस्तु (b) कौशाम्बी

(c) गया (d) सारनाथ

The first preaching of Lord Buddha is deliverd at

(a) Kapilvastu (b) Kaushambi

(c) Gaya (d) Sarnath

29. लोक संग्रह का साधन है-

(a) सकाम कर्म (b) निष्काम कर्म

(c) अकर्म (d) विकर्म

The means of Lokasangraha

(a) Sakaam Karma (b) Nishkaam Karma

(c) Akarma (d) Vikarma

30. बौद्ध दर्शन के अनुसार मोक्ष (निर्वाण) अवस्था है-

(a) आनन्द की (b) दु:ख रहित

(c) अनुभवरहित (d) सुख की

Nirvana, according to the Buddhist Philosopy, is a stage of-

(a) Aananda (b) Absence of Pains

(c) Absence of Experience (d) Pleasure

31. शंकराचार्य के अनुसार जगत् है-

(a) पारमार्थिक सत्य (b) व्यावहारिक सत्य

(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

The World according to Shankaracharya is-

(a) Transcendental (b) Practical

(c) Both (d) None of these

32. मोक्ष के लिये निर्वाण शब्द किस दर्शन में प्रयुक्त हुआ है-

(a) सांख्य (b) मीमांसा

(c) बौद्ध (d) जैन

Which philosophy uses the term 'Nirvana' for liberation?

(a) Sankhya (b) Mimansa

(c) Buddhism (d) Jaina

33. पुरुषार्थ हैं-

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) इनमें से कोई नहीं

The types of Purushartha :

(a) Two (b) Three

(c) Four (d) None of these

34. उपनिषदों का सार है-

(a) रामायण (b) गीता

(c) महाभारत (d) इनमें से कोई नहीं

The essence of the Upanisadas-

(a) The Ramayana (b) The Gita

(c) The Mahabharata (d) None of these

35. आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद के समर्थक हैं-

(a) प्लेटो (b) बर्कले

(c) हीगेल (d) इनमें से कोई नहीं

The supporter of Subjective Idealism-

(b)Plato (b) Berkeley

(c) Hegal (d) None of these

36. फिलॉसफी का अर्थ है-

(a) नियमों का आविष्कार (b) ज्ञान के प्रति प्रेम

(c) ज्ञान के प्रति अरूचि (d) इनमें से कोई नहीं

The meaning of Philosophy is-

(a) Invention of Laws (b) Love for knowledge

(c) Non-interest to knowledge (d) None of these

37. शंकर के अनुसार सत्-चित्-आनंद कौन हैं?

(a) ईश्वर (b) माया

(c) ब्रह्म (d) इनमें से कोई नहीं

Who among the following is Sat-Cit-Anand according to Sankar

(a) God (b) Maya

(c) Brahma (d) None of these

38. आस्तिक दर्शन की संख्या है-

(a) आठ (b) छः

(c) तीन (d) पाँच

The number of Orthodox Philosophy is-

(a) Eight (b) Six

(c) Three (d) Five

39. पर्यावरणीय नीतिशास्त्र है-

(a) मनुष्य केन्द्रित (b) जीवन केन्द्रित

(c) पशु केन्द्रित (d) इनमें से कोई नहीं

Environmental Ethics is-

(a) Man-centric (b) Life-centric

(c) Animal centric (d) None of these

40. अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र को कहते हैं-

(a) व्यावहारिक नीतिशास्त्र (b) अधिनीतिशास्त्र

(c) आदर्शमूलक नीतिशास्त्र (d) उपर्युक्त सभी

Applied Ethics is called-

(a) Practical ethics (b) Meta ethics

(c) Idealistic ethics (d) All of the above.

भाग–II

Section-II

(गैरवस्तुनिष्ठप्रश्न)

(Non-Objective Type Questions)

Group-B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Type Questions)

सभी प्रश्नों के उत्तर दें : **10 × 3 = 30**

Answer All Questions : **10 × 3 = 30**

1. भारतीय दर्शन की प्रवृत्ति कैसी है ? क्या भारतीय दर्शन निराशावादी है ?

   What is the tendency of Indian Philosophy? Is Indian Philosophy pessimistic ?
2. भारतीय दर्शन के कौन से दो सम्प्रदाय हैं ?

   Which are two schools of Indian Phiolosophy ?
3. संक्षेप में ऋत की अवधारणा को बतायें।

   Briefly mention the concept of Rta.
4. गीता में 'स्वधर्म' की अवधारणा क्या है ? संक्षेप में वर्णन करें।

   What is the concept of 'Swadharma' in the Gita ? Explain briefly.
5. चार पुरुषार्थों के नाम बतायें।

   Mention the names of the four Purusarthas.
6. काण्ट ने ज्ञान को क्या कहा है ?

   What does Kant say about Knowledge ?
7. पाश्चात्य दर्शन का आरंभ बिन्दु तथा उसके जनक कौन हैं ?

   What is the beginning point of Western Philosophy and who is its founder?
8. देकार्त कौन थे तथा बुद्धिवाद क्या है ?

   Who was Descartes and what is rationalism ?
9. व्यावसायिक नीतिशास्त्र क्या है ?

   What is Professional Ethics ?
10. पर्यावरण क्या है ?

    What is environment ?

खण्ड-स

Group - C

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Type Questions)

11. कांट किस प्रकार बुद्धिवाद एवं अनुभववाद के मध्य समन्वय करते हैं?

    How does Kant reconcile between Rationalism and Empricism ?

12. जैन दर्शन के अनुसार स्याद्वाद की व्याख्या करें।

    Explain Jain Conception of Syadvada.

13. ईश्वर के अस्तित्व के सम्बन्ध में तात्विक प्रमाणों का उल्लेख कीजिए।

    Discuss the Ontological arguments for existence of God.

14. ऋत के सिद्धान्त की व्याख्या करें।

    Explain the theory of Rit.

15. लाइबनिज के अनुसार मन एवं शरीर के द्वैत पर प्रकाश डाले।

    Explain the view of Leibnitz regarding mind and body relation.

- ANSWER -

1. (d)	2. (b)	3. (a)	4. (a)	5. (b)	6. (c)
7. (c)	8. (a)	9. (a)	10. (c)	11. (a)	12. (c)
13. (c)	14. (c)	15. (a)	16. (a)	17. (c)	18. (d)
19. (d)	20. (b)	21. (d)	22. (d)	23. (c)	24. (a)
25. (b)	26. (c)	27. (b)	28. (d)	29. (b)	30. (b)
31. (b)	32. (c)	33. (c)	34. (b)	35. (b)	36. (b)
37. (c)	38. (b)	39. (b)	40. (a)		

- ANSWER -

1. भारतीय दर्शन की प्रवृत्ति व्यावहारिक है। भारतीय दर्शन निराशावादी नहीं है, क्योंकि यह मानता है कि दु:खों से मुक्ति संभव है।
2. भारतीय दर्शन के दो सम्प्रदाय हैं- आस्तिक एवं नास्तिक। वेदों की प्रामाणिकता में विश्वास करने वाले सम्प्रदाय आस्तिक कहलाते हैं तथा वेदों की प्रामाणिकता को अस्वीकार करने वाला सम्प्रदाय नास्तिक कहलाता है।
3. ऋत् प्राकृतिक तथा नैतिक नियम है जिसके तहत विश्व की व्यवस्था का संचालन होता है।
4. गीता के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति और वर्ण के लिए निश्चित किये गये कर्त्तव्य ही व्यक्ति का स्वधर्म है। अर्थात् मनुष्यों के लिए निश्चित किये गये व्यक्तिगत और सामाजिक कर्तव्यों को गीता ने स्वधर्म कहा है।
5. पुरुषार्थ चार हैं- धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष।
6. काण्ट ने ज्ञान को प्रागनुभविक संश्लेषणात्मक निर्णय कहा है।
7. पाश्चात्य दर्शन का आरंभ बिन्दु ग्रीक दर्शन तथा थेलिज ग्रीक दर्शन के जनक माने जाते हैं।
8. देकार्त एक गणितज्ञ तथा बुद्धिवादी दार्शनिक थे जिन्हें आधुनिक पाश्चात्य दर्शन का पिता कहा जाता है। बुद्धिवाद एक ज्ञान मीमांसीय सिद्धांत है जिसके अनुसार ज्ञान की उत्पत्ति बुद्धि से होती है।
9. नीतिशास्त्र के जिस शाखा में व्यवसाय से संबंधित नैतिक आदर्श और नैतिक मूल्यों का अध्ययन होता है, उसे व्यावसायिक नीतिशास्त्र कहते हैं।
10. पर्यावरण वे परिस्थितियाँ हैं जिसमें मनुष्य, पशु एवं पेड़-पौधे रहते हैं एवं क्रियाकलाप करते हैं।
11. जर्मन दार्शनिक कांट (Kant) ज्ञानशास्त्रीय सिद्धान्त को समीक्षावाद (Criticism) कहते हैं। कांट के सम्मुख पूर्वस्थापित दो ज्ञानशास्त्रीय सिद्धांत थे- बुद्धिवादी (Rationalism) और अनुभववाद (Empiricism)। ये दोनों परस्परविरोधी सिद्धान्त है। कांट ने इनमें आंशिक सत्यता एवं आंशिक दोष पाकर इनमें समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया है।

    बुद्धिवाद और अनुभववाद में निम्नलिखित विरोध दीख पड़ते हैं-

(a) बुद्धिवाद के अनुसार बुद्धि की एकमात्र ज्ञानप्राप्ति का साधन है। अनुभववाद अनुभव को ही ज्ञानप्राप्ति का एक मात्र साधन मानता है।

(b) बुद्धिवाद ज्ञान प्राप्ति में अनुभव को कोई स्थान नहीं देता। अनुभववाद बुद्धि को इस प्रसंग में कोई महत्व नहीं देता।

(c) बुद्धिवाद के अनुसार यथार्थ ज्ञान सार्वभौम एवं अनिवार्य होता है, किन्तु अनुभववाद इसे संभाव्य मानता है।

(d) बुद्धिवाद के अनुसार यथार्थ ज्ञान में सार्वभौमिकता, अनिवार्यता एवं निश्चयता का रहना आवश्यक है, किन्तु अनुभववाद के अनुसार यथार्थ ज्ञान में नवीनता का होना अनिवार्य है।

(e) बुद्धिवाद के अनुसार बुद्धि जन्मजात प्रत्ययों के विश्लेषण द्वारा ज्ञान देती है, किन्तु अनुभववाद के अनुसार अनुभवजन्य प्रत्ययों के संश्लेषण से ज्ञान की उत्पत्ति होती है।

(f) बुद्धिवाद मन या बुद्धि को सक्रिय माना है, किन्तु अनुभववाद के अनुसार ज्ञान की प्रारंभिक अवस्था में मन निष्क्रिय रहता है।

(g) बुद्धिवाद निगमनात्मक विधि अपनाता है, तो अनुभववाद आगमनात्मक विधि का सहारा लेता है।

(h) बुद्धिवाद का आदर्श धारणात्मक विज्ञान है, किन्तु अनुभववाद का आदश है, वस्तुनिष्ठ विज्ञान।

(i) बुद्धिवाद ज्ञान के लिए वस्तुसंवादी होना कोई आवश्यक नहीं, किन्तु अनुभवजन्य ज्ञान के लिए वस्तुसंवादी होना अनिवार्य है।

कान्ट का कहना है कि बुद्धिवाद और अनुभववाद दोनों एकांगी, अपूर्ण है, दोनों के कथनों में आंशिक दोष है और आंशिक सत्यता भी है। उन्होंने दोनों परस्पर विरोधी सिद्धान्तों में सामजस्य स्थापित करने का प्रयत्न किया है। कांट का कहना है कि ज्ञान प्राप्ति में बुद्धि और अनुभव दोनों की आवश्यकता है। दोनों में किसी का महतव कम नहीं कहा जा सकता है। कांट दोनों में समन्वय स्थापित करते हुए कहते हैं कि यथार्थ ज्ञान में सार्वभौमिकता अनिवार्यता एवं नवीनता तीनों गुण विद्यमान रहने चाहिए। कुछ प्रत्यय जन्मजात है तो कुछ अर्जित है। इसलिए ज्ञान का कुछ अंश जन्मजात है, तो कुछ अंश अनुभवजन्य भी है। ज्ञान प्राप्ति में जन्मजात प्रत्ययों का विश्लेषण जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक है अनुभव द्वारा प्रत्ययों का संश्लेषण। ज्ञान प्राप्ति में आगमनात्मक विधि और निगमनात्मक विधि दोनों का प्रयोग आवश्यक है। इनमें किसी एक विधि से काम नहीं चल सकता। ज्ञान के लिए सार्वभौम होना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक इसे, वस्तुसंवादी अर्थात यथार्थ होना है।

इस प्रकार कांट ने अपने समीक्षावाद में बुद्धिवाद तथा अनुभववाद जैसे परस्पर विरोधी सिद्धांतों में समन्वय लाने का प्रशंसनीय प्रयास किया है।

12. किसी वस्तु के विषय में किसी व्यक्ति का निर्णय या मत अंशत: ही सत्य होता है न कि पूर्णत: सत्य। एक ही बात एक दृष्टिकोण से सत्य है। तो दूसरे दृष्टिकोण असत्य है। इसलिए जैन दार्शनिक प्रत्येक मत या नय के पूर्व 'स्यात्' लगा देते हैं। यही जैनों क्रो स्याद्वाद है। इसे अनेकांतवाद भी कहते हैं। इसे सप्तमंगीय भी कहा जाता है। सप्त वाक्य ये है।

(i) 'स्यात्' है। (स्यात् अस्ति) - स्यात कलम लाल है। यह भावात्मक नयों का साधारण रूप है।

(ii) स्यात् नहीं (स्यात् नगस्ति)- यह सामान्य निषेधात्मक वाक्य है। स्यात् आम मीठा नहीं है।

(iii) स्यात है। भी और नहीं भी है। (स्यात् अस्तिच नास्ति च) एक दृष्टिकोण से किसी वस्तु का अस्तित्व है और दृष्टिकोण से उसका अस्तित्व नहीं भी है। स्यात् टेबुल गोल है और गोल नहीं भी है।

(iv) स्यात् अव्यवाक्य है। (स्यात अव्यवाक्य)- जब किसी वस्तु में विरोध गुण पाए जायें तो इसे स्यात् अप्यवाक्य कहा जाता है। मनुष्य ईमानदार तथा बेईमान दोनों हो सकता है। यदि इसकी ईमानदारी के विषय में पूछा जाय तो स्यात् अप्यक्तप्यम् या अनिवर्चनीय कहना उचित होगा।

(v) स्यात् है और अप्यक्तत्यम भी है। (स्यात् अस्ति च अत्यक्तप्यम् च) जब पहले और चौथे नयों का मिलाने के पांचवां नय बनता है। किसी वस्तु अस्तित्व है और उस वस्तु का स्वरूप अनिवर्चनीच है।

(vi) स्यात् नहीं है और अप्यवाक्य भी है। (स्यात् पुस्तक नहीं है और अत्यवक्तव्य भी है।) दूसरी ओर चौथे नयो को मिलाने से छठा नया बनता है। उदाहरण स्ताय् पुस्तक नहीं है। अप्यक्तप्य भी है।

(vii) स्यात् है नहीं और अप्यक्तप्य भी (स्यात् अस्ति च नास्ति च अप्यक्तव्य च) तीसरे और चौथे नयों को मिलाने से सातवाँ नय बनाता है। जैसे- स्यात् पुस्तक है। नहीं है। और अप्यक्तव्य भी है।

स्याद्वाद संदेहवाद न होकर सापेक्षवाद है। संदेहवाद ज्ञान की संभावना में अविश्वास करता है। परन्तु स्याद्धग्द्ध यथार्थ ज्ञान की संभावना से विश्वास रखता है। इसका इतना कहना है कि साधारण व्यक्ति का ज्ञान आंशिक रूप से ही सत्य होता है। किसी भी ज्ञान को सभी दृष्टिकोणों से सत्य नहीं कहा जा सकता। ज्ञान स्थाल काल एवं परिस्थिति के आधार पर सत्य होता है। इसलिए स्याद्वाद को सापेक्षवाद कहा जाता है।

13. मध्यकालीन दार्शनिक संत असलेम ने सर्वप्रथम ईश्वर के विषय में तत्व विषयक प्रमाण प्रस्तुत किया जिसको बाद में देकार्त ने विकसित किया। इस तर्क के अनुसार हम ईश्वर को सर्वोच्च सत्ता के रूप में मानते हैं तथा इसके पूर्ण भी मानते हैं। इस प्रकार जब हम ईश्वर को पूर्ण मानते हैं तब इसका अस्तित्व भी अवश्य होना चाहिए क्योंकि अस्तित्व के अभाव में इसे पूर्ण नहीं माना जा सकता है। इससे स्पष्ट है कि तत्व विषयक तर्क के अनुसार ईश्वर की पूर्णता ही इसके अस्तित्व का प्रमाण है। इसके साथ ही यह भी यथार्थ है कि अस्तित्व के अभाव में ईश्वर को सर्वोच्च भी नहीं माना जा सकता। देकार्त ने ईश्वर के अस्तित्व के विषय में तत्व विषयक तर्क कुछ भिन्न प्रकार से दिया है। इसका कहना है कि हमारे मन जो असीम सर्वज्ञ और शाश्वत सत्ता का प्रत्यय है। वह असीम सर्वज्ञ और शाश्वत शक्ति के अस्तित्व को सिद्ध करता है क्योंकि यदि यह विचार किया जाए कि ईश्वर का प्रत्यय का विचार कहाँ से उत्पन्न हुआ तब इस विषय में मनुष्य को स्वयं इस साधारण का कारण नहीं माना जा सकता क्योंकि मनुष्य अपूर्ण है। इसलिए वह पूर्ण के प्रत्यय का कारण नहीं हो सकता। इसके अतिरिक्त यदि यह कहा जाए कि असीम प्रत्यय सकारात्मक न होकर नकारात्मक है, तब देकार्त का यह कहना है कि असीम का बोध असीम से पूर्व और अधिक स्पष्ट तथा यथार्थ होता है क्योंकि ससीमता असीमता से अपेक्षा रखती है तथा अपूर्ण पूर्ण की अपेक्षा से होता है। इस प्रकार असीम के प्रत्यय का कारण न तो मनुष्य है और न ही यह नकारात्मक प्रत्यय है। बल्कि इस प्रत्यय का स्वयं ईश्वर ही कारण है। इस विषय में यदि कहा जाए कि मनुष्य असीम एवं अपूर्ण है तब इसके मन में असीम और पूर्ण का प्रत्यय कैसे बन सकता है। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए देकार्त ने कहा है कि यह तो मान्य है कि मनुष्य समिति है। इसलिए वह असीम की धारण को ग्रहण

नहीं कर सकता किन्तु इस विषय में यह भी स्पष्ट ही है कि मनुष्य यह तो जान सकता है कि उसके मन जो असीम की धारणा है वह स्वयं से सम्बन्धित नहीं वरन् इसका सम्बन्ध किसी पूर्ण ईश्वर से ही हो सकता है। इस प्रकार स्पष्ट ईश्वर का प्रत्यय या असीम का प्रत्यय ही ईश्वर के अस्तित्व का प्रमाण है।

14. ऋतु की अवधारणा का सर्वप्रथम दर्शन वेदों में होता है। यहाँ तक अत्यन्त ही महत्वपूर्ण नैतिक नियम है जिसका अनुपालन ब्रह्माण्ड के समस्त जड़ चेतन मनुष्य एवं देवता करते हैं। कालान्तर में यह परिष्कृत होकर कर्म सिद्धान्त का रूप ग्रहण कर लेता है। वस्तुतः वेद कर्मवाद का समर्थन करता है। इसमें अच्छे कर्मों के रक्षक, शुभ-अशुभ कर्मों के दृष्टा आदि विशेषण देवताओं के लिए प्रयुक्त हुआ है। वेदों में स्पष्ट किया गया है कि शुभ कर्म करने से अमरत्व की प्राप्ति होती है। कर्म के द्वारा व्यक्ति जन्म लेता है और मरता है। पूर्व जन्म के अशुभ कर्मों के कारण व्यक्ति पाप कर्मों की ओर उन्मुख होता और अगले जन्मों अपने शुभ-अशुभ कर्मों के फलों को भोगता है। शुभ कर्म करने वाले व्यक्ति देवयान साधारण कर्म करने वाले व्यक्ति पितृयान के द्वारा इन्द्रलोक में जाते हैं। इस प्रकार पूर्व जन्म के कर्मों के कारण व्यक्ति विभिन्न योनियों में जन्म लेता है।

ऋतु का अर्थ एवं महत्व जिस प्रकार मानव जीवन में कर्म का स्थान महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार जगत जीवन में 'ऋतु' का स्थान महत्वपूर्ण है। ऋतु का अर्थ है- "वस्तुओं का मार्ग" इससे स्पष्ट है कि जगत की वस्तुओं में एक व्यवस्था विद्यमान है। यह व्यवस्था एक सिद्धांत के रूप में कार्य करती है। वेद में इसी छिपे सिद्धांत को ऋत कहा जाता है। सूर्य, चन्द्रमा, प्रकृति, दिन-रात ऋतुएँ उसकी अभिव्यक्ति मात्र है। ऋत नित्य है सबका पिता है, स्वर्ग नरक का कारण है। प्रारम्भ में ऋत का प्रयोग सूर्य, चन्द्रमा, दिन-रात आदि के निश्चित मार्ग के लिए प्रयोग किया जाता था। बाद में देवताओं तथा मानवों के नैतिक मार्ग के रूप में जाना गया। समस्त जगत ऋत का अनुकरण करता है। धीरे-धीरे वह नैतिक नियम बन जाता है। इसी सिद्धांत के आधार पर संसार का व्यवस्थित माना गया। वरुण के वेद में ऋतस्य गोप कहा गया है।

उपर्युक्त विवेचनाधार पर हम यह निर्णायक रूप से कह सकते हैं कि ऋत की अवधारणा भारतीय नीति एवं दर्शन शास्त्र की प्राचीनतम अवधारणा है, जिसकी प्रारम्भिक अभिव्यक्ति ऋैवेद में दृष्टिगत होती है। कालान्तर में यह अवधारणा विकसित होकर नैतिक नियम का स्वरूप ग्रहण कर लेता है जिसकी विकसित अभिव्यक्ति कर्म के सिद्धांत एवं अन्य नैतिक नीति निर्देशक तत्वों एवं नियमों के रूप में हुई है।

15. लाइबनिज का मन एवं शरीर के संबंध विषयक विचार पूर्वस्थापित सामंजस्य के सिद्धांत के नाम से जाना जाता है जो Prestablished harmony के नाम से विख्यात है। इन्होंने अपने दर्शन में एकत्व (unity) की स्थापना तो की, किन्तु व्यक्ति विशेषों की उसने पूर्ण अवहेलना की। दर्शन में एकत्व (unity) और विशिष्टता (particularity) दोनों का सामजस्य आवश्यक है। लाइबनिज के अनुसार असंख्य चिद्विन्दु (monads) एक-दूसरे से स्वतंत्र एवं गवाक्षहीन (windowless) है। इस अनेकवाद (pluralism) में व्याख्या एवं सामंजस्य (Harmony) उनकी आपसी लेन-देन पर नहीं बल्कि ईश्वर की रचना पर आश्रित है। ईश्वर ने इन चिद्बिन्दुओं को इस प्रकारशृंखलाबद्ध कर दिया है और इनमें से किसी एक परिवर्तन होने पर दूसरे चिद्बिन्दुओं में भी तदनुरूप परिवर्तन होने लगता है। चिद्बिन्दुओं में ये परिवर्तन कार्य-कारण नियम द्वारा नहीं होते क्योंकि सभी चिद्बिन्दु परस्पर स्वतंत्र है ओर इनमें कार्य-कारण संबंध नहीं है। ये परिवर्तन सहचारी (concomitant) होते हैं। हमारे शरीर के चिद्बिन्दु अपने आंतरिक उद्देश्य से ही

संचालित होते हैं और हमारे मन के चिद्बिन्दु भी अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रेरित होते हैं। किन्तु ईश्वर के पूर्व-स्थापित सामंजस्य के द्वारा ऐसा लगता है कि मन की इच्छा के अनुकूल शारीरिक व्यापार होते हैं। समांतवादी और पूर्व स्थापित सामंजस्य सिद्धांत वास्तव में लाइबनिज का पूर्व स्थापित सामंजस्य स्पिनोजा के समांतवाद का ही सामान्यीकरण मात्र है। स्पिनोजा चैतन्य और विस्तार अर्थात मन और शरीर चिद्बिन्दुओं को शृंखला में आबद्ध होने के कारण परस्पर संबद्ध है। चिद्बिन्दुओं की एक तारतम्यात्मक शृंखला है। शरीर और मन भी इसी शृंखला के अन्तर्गत आने के कारण परस्पर संबंधित है। लाइबनिज का विचार है कि केवल मन और शरीर ही नहीं बल्कि सभी चिद्बिन्दुओं (monads) के कार्य-कलाप समान्तर रीति से संचालित होते रहते हैं। इनके सिद्धांत के अनुसार समांतरवाद (Parallelism) गतिशील (dynamic) है क्योंकि चिद्बिन्दुओं के मध्य होने वाले कार्य-कलाप विकासशील एवं गतिशील है।

लाइबनिज अपने इस सिद्धांत के द्वारा कई विरोधी विचारों में समन्वय लाने का प्रयास करते है। किन्तु इस पूर्व स्थापित सामंजस्य के सिद्धांत में कई दोष बताए जाते हैं।

(i) पूर्व-स्थापित सामंजस्य-सिद्धांत केवल एक धारणा (Assumption) है जिसे सिद्ध या असिद्ध नहीं किया जा सकता। इसलिए इसे संतोषप्रद सिद्धांत नहीं कहा जा सकता।

(ii) यह सिद्धांत मनगढ़ंत कहा जा सकता है लाइबनिज के अनुसार प्रत्येक चिद्बिन्दु गवाक्षहीन (Windowless) होने के कारण अपने-आप में सीमित है। अपने से बाह्य गुण का पता उसे नहीं रहता दार्शनिक भी एक चिद्बिन्दु होने के कारण इस संबंध को नहीं जान सकता जो सभी चिद्बिन्दु को बाह्य रूप से संबंध रखे हुए है। चिद्बिन्दु में विश्वास रखने वाला व्यक्ति एकात्मक-सत्तावादी (salipsist) ही हो सकता है। वह अपनी गवाक्षहीन दुनिया की बातें ही जान सकता है।

लाइबनिज का कहना है कि प्रत्येक चिद्बिन्दु समस्त विश्व को प्रतिबिम्बित करता है। (every monad represents the entire universe) किन्तु गवाक्षहीन चिद्बिन्दु यह कैसे जान सकता है कि इसका ईक्षण अन्य चिद्बिन्दुओं को प्रतिबिंबित करता है। इसका संतोषप्रद समाधान नहीं मिलता है।

(iii) लाइबनिज ने पूर्व-स्थापित सामंजस्य का आधार ईश्वर को बताया है। ईश्वर ने ही चिद्बिन्दुओं में संबंध स्थापित किया है। यहाँ ईश्वर द्वारा चिद्बिन्दुओं पर सामंजस्य लाया गया है। इससे चिद्बिन्दुओं की नित्यता (eternity) तथा असीमता (infinetly) पर गहरा आघात पहुँचाता है जब ईश्वर का अस्तित्व ही विवादास्पद है तो फिर उसके द्वारा स्थापित सामंजस्य-सिद्धा किस प्रकार मान्य हो सकता है।

(iv) पूर्व-स्थापित सामंजस्य का सिद्धांत दार्शनिक जिज्ञासा को संतुष्ट नहीं कर सकता। चिद्बिन्दुओं में संबंध ईश्वर के चमत्कार (Miracle) के द्वारा स्थापित किया गया है। इसके लिए किसी तर्क या प्रमाण की आवश्यकता नहीं रह जाती। दार्शनिक बुद्धि इसे यों ही सत्य नहीं मान सकती।

(v) पूर्व स्थापित सामंजस्य सिद्धांत दोषपूर्ण होने के कारण लाइबनिज का विरोधी सिद्धांतों में समन्वय स्थापित करने में थोड़ी ही सफलता मिल सकी।

❑

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

PHILOSOPHY

Set-VII

MODEL PAPER – VII

कुल प्रश्नों की संख्या : 40 + 10 + 5 = 55
Total No. of Questions : 40 + 10 + 5 = 55
कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 24
Total No. 1 of Printed Pages : 24

PHILOSOPHY

A.-PHL. (OPT)

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Marks : 100

परीक्षार्थी के लिये निर्देश :

Instructions to the candidate :

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
   Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
   Figure in the right hand margin indicate full marks.
3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ भाग संख्या, खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।
   Write Section number, Group number and Question number with every answer.

निर्देश : इस प्रश्न-पत्र में दो भाग-भाग-I एवं भाग-II हैं। भाग-I में खण्ड-अ एवं भाग-II में खण्ड-ब एवं खण्ड-स हैं।

भाग-I : भाग-I के खण्ड-अ के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। इस खण्ड के प्रश्न संख्या 1 से 40 तक प्रत्येक 1 अंक का है।

भाग-II : भाग-II के सभी प्रश्न गैर-वस्तुनिष्ठ हैं। भाग-II के खण्ड-ब के प्रश्न लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। भाग-प्के खण्ड-स के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

***Instructions* :**

This paper consists of two Sections - Section - I and II. Section - I consists of Group - A and Section - II consists of Group-B & Group - C.

***Section*-I :** Group A of Section - I are Objective Type Questions. In this group Question Nos. 1 to 40 carry 1 mark each.

***Section*-II :** All Questions of Section - II are Non-Objective Type. Group -B of Section-II are Short Answer Type questions. Answer all 10 questions. Each question carries 3 marks. Group-C of Section-II are Long Answer Type Questions. Answer all 5 questions. Each question carries 6 marks.

Model Paper - VII

भाग-I

Section - I

खण्ड–अ

Group - A

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

(Objective Type Questions)

सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें। सही उत्तर का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें:

40 × 1 = 40

Answer all the questions. Answer each questions by Selecting the correct answer

40 × 1 = 40

1. मीमांसा दर्शन के प्रवर्तक हैं-

(a) जैमिनी (b) कणाद

(c) कपिल (d) गौतम

The founder of Mimansa Philosophy is:

(a) Jaimini (b) Kanad

(c) Kapil (d) Gautam

2. वेदान्त दर्शन के प्रवर्तक हैं-

(a) वादरायण (b) महावीर

(c) शंकर (d) अक्षपाद

The founder of Vedanta Philosophy:

(a) Vadrayan (b) Mahavir

(c) Sankar (d) Akshapad

3. इनमें से कौन नास्तिक है-

(a) सांख्य (b) न्याय

(c) जैन (d) वेदान्त

Heterodox among the following is:

(a) Sankhya (b) Nyaya

(c) Jaina (d) Vedanta

4. गीता का उपदेश है-

(a) सकाम कर्म (b) निष्काम कर्म

(c) कर्म से संन्यास (d) ये सभी

Preaching of Gita is:

(a) Sakaam Karma (b) Nishkaam Karma

(c) Sanyas in Action (d) All the above.

5. भारतीय दर्शन में अयथार्थ ज्ञान कहलाता है-

(a) अप्रमा (b) प्रमा

(c) प्रमाण (d) इनमें से कोई नहीं

Invalid Knowledge in Indian Philosophy is called:

(a) Aprama (b) Prama

(c) Praman (d) None of these

6. शिक्षा दर्शन एक शाखा है-

(a) भौतिक विज्ञान (b) मनोविज्ञान

(c) रसायन शास्त्र (d) दर्शनशास्त्र

7. शंकराचार्य के अनुसार मात्रा का आश्रय क्या है

(a) जीव (b) जगत

(c) ब्रह्म (d) आत्मा

What is the substratum of Matra in Sankaracharya view?

(a) j (b) j

(c) j (d) j

8. गीता में किस योग की चर्चा हुई है-

(a) ज्ञान योग (b) कर्म योग

(c) भक्ति योग (d) ये सभी

What type of Yoga has been propounded in the Gita?

(a) Jnan Yoga (b) Karma Yoga

(c) Bhakti Yoga (d) All of these

9. नास्तिक शिरोमणि किसे कहते हैं-

(a) बुद्ध (b) महावीर

(c) कपिल (d) चार्वाक

Who among the following is known as the Head of Heterodox Schools in Indian Philosophy?

(a) Buddha (b) Mahavir

(c) Kapil (d) Charvak

10. आत्मा है-

(a) ब्रह्म (b) ज्ञान

(c) आनन्द (d) इनमें से कोई नहीं

Soul is:

(a) Brahma (b) Jnan

(c) Aanand (d) None of these

11. शंकराचार्य का कारणता सम्बन्धी विचार है-

(a) ब्रह्म परिणामवाद (b) ब्रह्म विवर्तवाद

(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

Sankar's Law of causation is called:

(a) Brahna Parinamvad (b) Brahma Vivartavad

(c) Both a & b (d) None of these

12. इनमें से कौन अद्वैत वेदान्ती है-

(a) रामानुजाचार्य (b) निम्बार्क

(c) कुमारिल भट्ट (d) शंकराचार्य

Who among the following is concerned with the Advaita Vedanta school?

(a) Ramanujacharya (b) Nimbarka

(c) Kumarila Bhatta (d) Shankaracharya

13. दुःख का मूल कारण है-

(a) अविद्या (b) विद्या

(c) तृष्णा (d) इनमें से कोई नहीं

The root cause of sufferings:

(a) Avidya (b) Vidya

(c) Trishna (d) None of these

14. विशिष्टाद्वैत दर्शन एक सम्प्रदाय है-

(a) बौद्ध (इ) न्याय

(c) वेदान्त (क) चार्वाक

Vishishtadvaita is a school of:

(a) Buddhism (b) Nyaya

(c) Vedanta (d) Charvak

15. न्याय-वैशेषिक केवल एक प्रकार का मोक्ष मानना है-

(a) विदेह (b) जीवन

(c) परिनिर्वाण (d) निर्वाण

What kind of Moksha is accepted in Nyaya-Vaisheshika?

(a) Videha (b) Jivan

(c) Parinirvana (d) Nirvana

16. भगवान बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ दिया-

(a) कपिल वस्तु (b) कौशाम्बी

(c) सारनाथ (d) गया

Where did Lord Buddha delivered his first preaching?

(a) Kapilvastu (b) Kaushambi

(c) Sarnath (d) Gaya

17. द्वादशनिदान में संस्कार का कारण है-

(a) विज्ञान (b) नाम-रूप

(c) षडायतन (d) अविद्या

The cause of Sanskar in Dwadashnidan:

(a) Vigyan (b) Naam-roop

(c) Shadaytana (d) Avidya

18. श्वास-प्रस्वास प्रक्रिया को नियंत्रित कर उसे एक क्रम में लाना क्या कहलाता है-

(a) धारणा (b) ध्यान

(c) समाधि (d) प्राणायाम

Bringing forth a sequence in breathing is called

(a) Dharna (b) Dhyana

(c) Samadhi (d) Pranayama

19. मोक्ष के लिए 'कैवल्य' शब्द का प्रयोग किस दर्शन में हुआ है-

(a) बौद्ध (b) जैन

(c) चार्वाक (d) वेदान्त

Which philosophy uses the term 'Kaivalya' for Moksha?

(a) Buddhism (b) Jaina

(c) Charvaka (d) Vedanta

20. अविद्या एवं इसके नाना कार्यों की समाप्ति है-

(a) अविद्या (b) तृष्णा

(c) समाधि (d) निर्वाण

The cessation of Avidya and its effects are called:

(a) Avidya (b) Trishna

(c) Samadhi (d) Nirvana

21. निम्न में कौन अभाव का प्रकार है-

(a) संसर्गाभाव (b) अन्योन्याभाव

(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

(c) Renouncing one's inwardly desires (d) Renouncing all the desires

10. जैन मत में कर्म पुद्गलों का जीवों की ओर बहना क्या कहलाता है ?

(a) आश्रव (b) बन्धन

(c) संवर (d) निर्जरा

The flow of Karma Pudgal to jivas in Jaina Philosophy is called-

(a) Aashrawa (b) bondage

(c) Sanwar (d) Nirjara

11. जैन दर्शन में प्रमाद का अर्थ है-

(a) अहंकार (b) उचित अनुचित में भेद का अभाव

(c) अपराध (d) मोह

The meaning of Pramaad in Jaina Philosophy is:

(a) Ahankar

(b) Absence of discretion between Right and Wrong

(c) Crime

(d) Lust or Moha

12. जीवात्मा और परमात्मा रूप है

(a) ब्रह्म के

(b) ईश्वर के

(c) आत्मा के

(d) इनमें से कोई नहीं

Jivatma and Parmatma are forms of

(a) Brahma

(b) God

(c) Aatma

(d) None of these

13. योग का प्रमुख तत्व क्या है ?

(a) ईश्वर

(b) चित्त

(c) मनस

(d) समाधि

The main element in Yoga is

(a) Ishwar

(b) Chitta

(c) Manas

(d) Samadhi

14. अधिकार एवं कर्तव्य-

(a) सापेक्ष है

(b) निरपेक्ष है

(c) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

Rights and Duties are-

(a) relative

(b) absolute

(c) both a and b

(d) none of these

15. प्रकृति में कौन गुण पाये जाते हैं ?

(a) सात्विक

(b) रजस्

(c) तमस्

(d) ये सभी

Which attribute is found in Prakriti?

(a) Saatvika (b) Rajas

(c) Tamasa (d) All of these

16. अनुभववादी कौन है ?

(a) देकार्त (b) स्पिनोजा

(c) लॉक (d) इनमें से कोई नहीं

Who among the following is an Empirisist Philosopher?

(a) Descartes (b) Spinoza

(c) Locke (d) None of these

17. कौन आस्तिक दर्शन है ?

(a) जैन (b) वेदान्त

(c) बौद्ध (d) इनमें से कोई नहीं

Who among the following is an Orthodox Philosophy?

(a) Jaina (b) Vedanta

(c) Bauddha (d) None of these

18. इनमें से कौन बुद्धिवादी है ?

(a) लॉक (b) बर्कले

(c) देकार्त (d) इनमें से कोई नहीं

Who among the following is a Rationalist Philosopher?

(a) Locke (b) Berkeley

(c) Descartes (d) None of these

19. दर्शन शब्द की उत्पत्ति निम्न में से किस धातु से हुई है ?

(a) कृ धातु से (b) दृश् धातु से

(ब) लृ धातु से (d) इनमें से कोई नहीं

The term *darshan* is originated from the root verb:-

(a) Kri (b) drish

(c) Lri (d) None of these

20. सर्वोच्च शुभ किसे कहा जाता है?

(a) सापेक्ष शुभ को (b) निरपेक्ष शुभ को

(c) सापेक्ष और निरपेक्ष शुभ को (d) इनमें से कोई नहीं

The Highest Good is:-

(a) Relative Good (b) Categorical Good

(c) Both a & b (d) None of these

21. निम्नलिखित में कौन दण्ड के सिद्धान्त हैं ?

(a) निरोधात्मक (b) सुधार का सिद्धान्त

(c) प्रतिकारात्मक सिद्धान्त (d) ये सभी

Which of the following is a theory of Punishment?

(a) Deterrent Theory (b) Reformative Theory

(c) Retributive Theory (d) All of these

22. 'ऐसे ईस्ट परसिपी' किसका सिद्धान्त है?

(a) लॉक (b) बर्कले

(c) देकार्त (d) इनमें से कोई नहीं

Who gave the theory *esse est percipi*

(a) Locke (b) Berkeley

(c) Descartes (d) None of these

23. ब्रह्मसूत्र की रचना किसने की

(a) वादरायण (b) शंकर

(c) गौतम (d) इनमें से कोई नहीं

Brahmsutra is authored by

(a) Vadrayan (b) Sankar

(c) Gautam (d) None of these

24. अनुभववाद के समर्थक हैं-

(a) लॉक (b) बर्कले

(c) ह्यूम (d) इनमें से सभी

Who among the following supports Empiricism?

(a) Locke (b) Berkeley

(c) Hume (d) All of these

25. किसके अनुसार 'गीता माता' है-

(a) बाल गंगाधर तिलक (b) विनोबा भावे

(c) श्री अरविन्दो (d) महात्मा गाँधी

Who asserts the Gita as mother?

(a) Bal Gangadhar Tilak (b) Binoba Bhave

(c) Sri Aurobindo (d) mahatma Gandhi

26. अनेकान्तवाद की आधारशिला है-

(a) नयवाद (b) स्याद्वाद

(c) मोक्षवाद (d) पुद्गलवाद

The foundation of Anekantvaad is:

(a) Nayavaad (b) Syadvaad
(c) Mokshavaad (d) Pudgalvaad

27. जैन दर्शन के २४वें तीर्थंकर कौन हैं-

(a) महावीर (b) ऋषभदेव
(c) पार्श्वनाथ (d) इनमें से कोई नहीं

Who is the 24th Tirthankar in the Jaina School?

(a) Mahavir (b) Rishabhdev
(c) Parshwanath (d) None of these

28. प्रतीत्यसमुत्वाद किसका सिद्धान्त है-

(a) वेदान्त (b) बौद्ध
(c) जैन (d) मीमांसा

The Theory of Dependent Origination belongs to:-

(a) Vedanta (b) Buddhism
(c) Jainism (d) Mimansa

29. लोक संग्रह का सिद्धान्त है-

(a) सुखवाद (b) सर्व कल्याणवाद
(c) पूर्णतावाद (c) ये सभी

The Theory of Lok Sangraha is-

(a) Hedonism (b) Theory for All Welfare
(c) Perfectionism (d) All the above

30. बुद्ध के अनुसार कितने आर्य सत्य हैं-

(a) दो (b) चार
(c) तीन (d) इनमें से कोई नहीं

The number of The Noble Truths according to Buddha is:

(a) Two (b) Four
(c) Three (d) none of these

31. अरस्तु के अनुसार कारण है-

(a) उपादान (b) आकारिक
(c) अन्तिम (d) इनमें से सभी

Cause, according to Aristotle is-

(a) Material (b) Formal
(c) Final (d) All of these

32. निम्न में कौन पुरुषार्थ नहीं है-

(a) अर्थ (b) काम
(c) धर्म (d) ईश्वर

Which of following is not Purushartha?

(a) Artha (b) Kaam

(c) Dharma (d) God

33. प्रथम आर्य सत्य है-

(a) दुःख है (b) दुःख का कारण

(c) आनन्द (d) इनमें से कोई नहीं

The first Noble Truth is-

(a) There is sufferin (b) There is cause to suffering

(c) There is pleasure (d) None of these

34. पूर्व स्थापित सामंजस्यवाद किसके द्वारा दिया है-

(a) देकार्त (b) स्पिनोजा

(c) लाइबनीज (d) इनमें से कोई नहीं

The theory of Pre-Eshtablished Harmony is given by-

(a) Descartes (b) Spinoza

(c) Leibnitz (d) None of these

35. जैन मत के अनुसर त्रिरत्न हैं :

(a) सम्यक् दर्शन (b) सम्यक् चरित्र

(c) सम्यक् ज्ञान (d) उपरोक्त सभी

Triratnas according to the Jainas, are-

(a) Right vision (b) Right conduct

(c) Right knowledge (d) All the these

36. स्पिनोजा के अनुसार द्रव्य हैं-

(a) आत्मा (b) ईश्वर

(c) जड़ तत्व (d) इनमें से कोई नहीं

According to Spinoza, substance is -

(a) Soul (b) God

(c) Matter (d) None of these

37. कारण कार्य नियम है-

(a) दार्शनिक (b) वैज्ञानिक

(c) सामान्य (d) इनमें से कोई नहीं

The law of Causation is -

(a) Phiolosophical (b) Scientific

(c) General (d) All of these

38. आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद के समर्थक है-

(a) प्लेटो (b) बर्कले

(c) हीगेल (d) इनमें से कोई नहीं

The supporter of the Subjective Idealism is-

(a) Plato (b) Berkley

(c) Hegal (d) None of them

39. निम्न में कौन अभाव का प्रकार है ?

(a) संसर्गभाव (b) अन्योन्यावाभाव

(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is a type of non-existances

(a) Sansargabhava (b) Anyonyabhava

(c) Both a & b (d) None of the above

40. नीतिशास्त्र एवं समाज दर्शन के बीच सम्बन्ध है-

(a) घनिष्ठ (b) विरोधात्मक

(c) घनिष्ठ एवं विरोधात्मक (d) इनमें से कोई नहीं

The relationship between Ethics and Social Philosophy is-

(a) Close (b) Contrary

(c) Both close & contrary (d) None of these

भाग–II

Section-II

(गैर वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Non-Objective Type Questions)

Group-B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Type Questions)

सभी प्रश्नों के उत्तर दें : **10 × 3 = 30**

Answer All Questions : **10 × 3 = 30**

1. गृहस्थ जीवन के कर्त्तव्य क्या कहलाते हैं तथा स्वधर्म का वास्तविक संबंध किससे हैं ?

   What is the term assigned for the duties of Gaarhastha Asrama and with what Swadharma is related to?

2. गीता का मुख्य उपदेश क्या है ? 'गीता अनासक्त योग है' यह किसने कहा ?

   What is the main preaching of the Gita? Who said that the Gita is Anasakta Yoga ?

3. जैन दर्शन में सम्यक् दर्शन का क्या अर्थ है ?

   What is the meaning of Samyak Darsan in Jaina Philosophy ?

4. पंचावयव का क्या अर्थ है ? समझाइए ?

   What is meant by five constituents? Discuss.

5. वाक्यार्थ की कौन-सी शर्त्ते हैं ? नाम दें।

   Which are the conditions of Vakyartha ? Specify their names.

6. काण्ट के ज्ञान सिद्धान्त को क्या कहा जाता है ? प्रागनुभविक ज्ञान का संबंध किससे हैं ?

What is the term ascribed to the Knowledge Theory of Kant? With whom a priori knowledge is related to?

7. कारण का परिमाणात्मक लक्षण बताइए।

   Mention the quantitative character of cause.

8. ईश्वर के संबंध में प्रथम कारण तर्क क्या है ?

   What is the first cause Argument in relation to God ?

9. भ्रूण हत्या किस क्षेत्र की समस्या है ?

   To which field the problem of abortion is concerned ? What are the ideals of medical ethics?

10. नकदी रहित समाज के निर्माण में शैक्षिक दर्शन की क्या भूमिका हो सकती है ? संक्षेप में वर्णन करें।

    What role of Educational Ethics can there be in turning our society into a cashless one? Explain briefly.

खण्ड–स

Group - C

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Type Questions)

11. क्या भारतीय दर्शन निराशावादी है ? स्पष्ट कीजिए।

    Is Indian Philosophy Pessimistic ? Explain.

12. बौद्ध दर्शन में निर्वाण क्या है ? व्याख्या करें।

    What is Nirvana in Buddha Philosophy ? Explain.

13. अनुभववाद की व्याख्या करें।

    Describe the Empiricism ?

14. ईश्वर का बौद्धिक स्वरूप है ? विस्तारपूर्वक स्पिनोजा के दर्शन की विवेचना कीजिए।

    What is the intelligence nature of God ? Describe in detail the Philosophy of Spinoza.

15. भौतिक पर्यावरण क्या है ? व्याख्या करें।

    What is the material environment ? Explain.

- ANSWER -

1. (c)	2. (a)	3. (c)	4. (b)	5. (d)	6. (b)
7. (c)	8. (c)	9. (d)	10. (a)	11. (b)	12. (a)
13. (b)	14. (a)	15. (d)	16. (c)	17. (b)	18. (c)
19. (b)	20. (b)	21. (d)	22. (b)	23. (a)	24. (d)
25. (d)	26. (b)	27. (a)	28. (b)	29. (a)	30. (b)
31. (d)	32. (d)	33. (a)	34. (c)	35. (d)	36. (b)
37. (d)	38. (b)	39. (c)	40. (a)		

- ANSWER -

1. गृहस्थ जीवन के कर्त्तव्य यज्ञ कहलाते हैं तथा स्वधर्म का वास्तविक संबंध वर्णाश्रम से है।
2. गीता का मुख्य उपदेश निष्काम कर्मयोग है। विनोबा भावे ने कहा है कि गीता अनासक्त योग है।
3. सत्य के प्रति श्रद्धा की भावना रखना जैन दर्शन में सम्यक् दर्शन कहलाता है अर्थात् श्रद्धा को ही यहाँ सम्यक दर्शन कहा गया है।
4. अनुमान जब दूसरों के सामने कुछ सिद्ध करने के उद्देश्य से किया जाता है, तब उसमें पाँच वाक्यों की आवश्यकता पड़ती है। इस अनुमान को पंचावयव कहते हैं। पंचावयव निम्नवत् हैं- प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण सहित व्याप्ति वाक्य, उपनय तथा निगमन।
5. वाक्यार्थ की शर्त्ते हैं- आकांक्षा, सन्निधि योग्यता एवं तात्पर्य।
6. काण्ट के ज्ञान सिद्धान्त को समीक्षावाद कहते हैं। प्रागनुभविक ज्ञान का संबंध अनुभव तथा बुद्धि दोनों से है।
7. कारण का परिमाणात्मक लक्षण यह है कि कारण एवं कार्य मात्रा में समान होते हैं।
8. सन्त थॉमस एक्वाइनस के अनुसार यह जगत् एक कार्य है। इसलिए उसका कोई कारण होना चाहिए। यह कारण जगत में नहीं हो सकता क्योंकि जगत में प्रत्येक वस्तु कार्य मात्र है। अत:, ईश्वर इस जगत् का प्रथम कारण है।
9. भ्रूण हत्या की समस्या चिकित्सा क्षेत्र से संबंधित है। मानव सेवा तथा मानव कल्याण चिकित्सा नीतिशास्त्र के आदर्श है।
10. विद्यार्थियों में रोजमर्रा के कार्यों में प्लास्टिक मनी के प्रयोग हेतु व्यावहारिक परिवर्तन को प्रोत्साहित कर शैक्षिक दर्शन कैशलेस समाज के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकता है।
11. भारतीय दर्शन में दु:खों की विस्तृत व्याख्या की गयी है। प्रत्येय भारतीय विचारक (चार्वाक को छोड़कर, दु:खों की व्यापकता देखकर इन्हें दूर करने के लिए ही दार्शनिक चिंतन आरंभ करता है। इसी आधार पर कुछ आलोचकों ने भारतीय दर्शन पर निराशावादी होने का आक्षेप किया है। किन्तु, यह आक्षेप निराधार एवं आयुक्ति पूर्ण है। इस आक्षेप की निस्सारत निम्नलिखित तर्कों से प्रमाणित हो जाती है-

(1) संपूण भारतीय दर्शन दु:खों के विवरण से भरा पड़ा है। यहाँ प्रत्येक विचारक दु:खों को दूर करना ही अपना सर्वप्रथम कर्त्तव्य मानता है। महात्मा बुद्ध ने तो दु:खों के आधार पर ही अपने 'चार आर्यसत्यों' की स्थापना की। जीवन में दु:ख के अस्तित्व को कोई अस्वीकार नहीं कर सकता। इसी आधार पर भारतीय दर्शन को निराशावादी कहा जाता है।

भारतीय दर्शन को निराशावादी तभी कहा जाता है, जब यह दु:खों का केवल भयानक चित्रण प्रस्तुत करें और इन्हें दूर करने का कोई मार्ग न बतायें। जैनों का त्रिरत्न, बौद्धों का अष्टांग-मार्ग, नैयायिकों का तत्वज्ञान, सांख्य का विवेकज्ञान, योग का अष्टांग, मीमांसा का कर्म मार्ग, वेदांत का ज्ञान मार्ग एवं गीता के कर्म मार्ग, ज्ञान मार्ग, भक्तिमार्ग इत्यादि दु:ख दूर करने के ही विभिन्न मार्ग हैं। अत: भारतीय दर्शन को निराशावादी नहीं कहा जा सकता।

(2) कभी-कभी निराशावाद का अर्थ पलायनवाद भी होता है। कर्मों से भागना ही पलायनवाद है। इस अर्थ में भारतीय दर्शन को निराशावादी कहा गया है।

महात्मा बुद्ध बोधि या निर्वाण की प्राप्त के बाद भी अस्सी वर्ष की उम्र तक 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' कर्म करते हैं। अत: इसे निराशावादी कहना अनुचित है।

(3) भारतीय दर्शन को कभी-कभी अति आध्यात्मिक होने के कारण भी निराशावादी कहा जाता है। मानव जीवन के पाशविक एवं आध्यात्मिक दोनों पक्षों के संतुलन पर इस दर्शन में जोर दिया गया है। यदि दर्शन अध्यात्मवादी है, तो इसे निराशावादी न कहकर आशावादी कहना अधिक उपयुक्त होगा।

यदि भारतीय दर्शन आशावाद की स्थापना के लिए निराशावाद को साधन के रूप में अपनाता है, तो यह कोई अनुचित कार्य नहीं कहा जा सकता। भारतीय दर्शन का आरंभ बिन्दु निराशावाद अवश्य है किन्तु इसका लक्ष्य आशावाद है।

अत: भारतीय दर्शन को निराशावादी कहना सर्वथा अनुचित एवं तर्कहीन है।

12. बुद्ध ने अपने द्वितीय आर्यसत्य में दु:खों का कारण बताया है। उनका कहना है कि यदि इन कारणों को नष्ट कर दिया जाय, तो दु:खरुपी कार्य का भी नाश हो जायेगा। दु:खरहित अवस्था को बौद्ध दर्शन में 'निर्वाण' कहा गया है। भारतीय दर्शन में 'मोक्ष' और 'निर्वाण' समनार्थक है। बौद्ध दर्शन के तृतीय आर्यसत्य में निर्वाण के स्वरूप की व्याख्या की गयी है।

बौद्ध दर्शन में 'निर्वाण' एक ऐसा अवस्था है के रूप में चित्रित किया गया है, जिसमें दु:ख का पूर्ण विनाश हो जाता है। बौद्ध दर्शन निर्वाण को जीवन का चरम लक्ष्य मानता है। यहाँ निर्वाण को दु:खरहित अवस्था के रूप में ग्रहण किया गया है।

निर्वाण का अर्थ 'बुझा हुआ' भी होता है। दु:खरूपी अग्नि का बुझ जाना ही निर्वाण कहा जा सकता है। पाणिनि के अनुसार 'निर्वाण' शब्द का अर्थ 'बहती हवा का रुक जाना' कहा गया है। निर्वाण को शांतवस्था भी कहा गया है। दु:ख के नष्ट होने पर एक अपूर्व शांति का अनुभव होता है। इसलिए निर्वाण को एक शांत अवस्था कहते हैं।

'निर्वाण' का शाब्दिक अर्थ 'बुझा हुआ' भी है। इसके आधार पर कुछ लोग इसे 'अस्तित्वविनाश' के अर्थ में लेते हैं। लेकिन निर्वाण अस्तित्व का नाश न हीं करता बल्कि दु:खों का नाश करता है। निवार्ण प्राप्त

व्यक्ति अपना अस्तित्व कायम रखते हुए लोक हित के कार्यों में संलग्न रह सकता है। भगवान बुद्ध स्वयं इसके उदाहरण हैं। निर्वाण प्राप्ति के बाद भी जीवन धारण करते हुए वह अस्सी वर्ष की उम्र तक जनकल्याण के कार्यों में सदैव बने रहे।

निर्वाण का स्वरूप अवर्णनीय है। शरीर धारण करते हुये इस जीवन में मुक्ति पाना 'निर्वाण' है और मृत्यु के बाद मुक्ति पाना 'परिनिर्वाण' है।

13. अनुभववाद के अनुसार ज्ञान-प्राप्ति का एकमात्र साधन अनुभव है। अनुभव के अतिरिक्त ज्ञान का कोई अन्य साधन नहीं है।

अनुभववाद के अनुसार संपूर्ण ज्ञान अनुभवजन्य है। ज्ञान का कोई भी अंश अनुभवनिरपेक्ष नहीं है। ज्ञान अनुभव द्वारा प्राप्त होता है इसलिए कोई भी ज्ञान जन्मजात नहीं है। इन लोगों ने मनुष्य के मस्तिष्क को प्रारंभिक अवस्था में साफ कागज या कोरी पटरी कहा है। अनुभव के पहले मस्तिष्क रिक्त रहता है। अनुभव के द्वारा ही मस्तिष्क में विचार अंकित होते हैं। अनुभववादी लॉक ने जन्मजात प्रत्ययों का जोरदार खंडन किया है और कहा है कि कोई भी प्रत्यय जन्मजात नहीं है। सब कुछ अर्जित है। ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो पहले इन्द्रियों में विद्यमान न थी। अत: सभी प्रकार के ज्ञान अनुभवजन्य होते हैं।

अनुभववाद बुद्धि को निष्क्रिय मानता है। इस सिद्धांत के अनुसार ज्ञान निर्णयों की समष्टि है। प्रत्ययों को संबंध करने से निर्णय बनते हैं। अत: ज्ञान के निर्णायक तत्व प्रत्यय है। प्रत्यय बुद्धि द्वारा उत्पन्न नहीं हो सकते। इनकी उत्पत्ति तो अनुभव द्वारा होती है। मन या बुद्धि प्रत्ययों को केवल ग्रहण करते हैं। इसलिए मन या बुद्धि को निष्क्रिय कहा जाता है।

ज्ञान प्राप्ति के लिए अनुभववाद आगमनात्मक विधि का सहारा लेता है। अनुभव से विशेषों का ज्ञान होता है, जिससे आगमनात्मक विधि द्वारा सामान्य ज्ञान प्राप्त होता है।

अनुभववाद वस्तुनिष्ठ विज्ञान को आदर्श मानता है। अनुभवजन्य ज्ञान में नवीनता का गुण विद्यमान रहता है। अनुभववाद के अनुसार ज्ञान संभाव्य होता है, पूर्ण निश्चित नहीं। सभी अनुभववादी अनुभ्ज्ञव को ज्ञान का उद्‌गम मानते हैं।

14. ईश्वर के बौद्धिक प्रेम में मनुष्य के सर्वोच्च शुभ को स्पिनोजा के दर्शन में देखा जा सकता है। स्पिनोजा कहते हैं जितना हम पदार्थों को समझते हैं उतना ही अधिक हम ईश्वर को समझते हैं।

इसलिए स्पिनोजा के अनुसार मनुष्य के मन की सबसे बड़ी श्रेष्ठता उसका सबसे बड़ा प्रयत्न पदार्थों को ईश्वर के विशिष्ट गुणों के प्रसंग में जानना है। यही मनुष्य को मानसिक सन्तुष्टि प्रदान करता है। कोई भी मनुष्य जितना अधिक इस प्रकार के ज्ञान में बड़ा होता है, उतना ही अधिक उसे अपना एवं ईश्वर का ज्ञान होता है और वह उतना ही अधिक पूर्ण तथा कृतार्थ होता है। ईश्वर एवं पदार्थों के प्रकार के ज्ञान से मनुष्य की प्रसन्नता बढ़ती है और उसे वह ज्ञान होता है कि ईश्वर का प्रत्यय कारण है। इस तीसरे प्रकार के ज्ञान से ईश्वर का बौद्धिक प्रेम उदित होता है क्योंकि इस ज्ञान में यह विचार लगा हुआ है कि ईश्वर कारण है। ईश्वर का प्रेम उसे विद्यमान जानकर नहीं वरन् नित्य जानकार होता है।

ईश्वर के प्रति मन का बौद्धिक प्रेम उस अनन्त प्रेम का भाग है जिससे ईश्वर के बौद्धिक प्रेम में मानव का मन ईश्वरीय बन जाता है वह बौद्धिक प्रेम ईश्वरीय प्रेम बन जाता है। इस प्रकार ईश्वर से बौद्धिक प्रेम करने में मनुष्य ईश्वर के अपने अति प्रेम में भाग लेता है।

स्पिनोजा का मानना है कि इससे यह नतीजा निकलता है कि ईश्वर जहाँ तक वह अपने आपसे प्रेम करता है, मनुष्यों से प्रेम करता है और इसके फलस्वरूप मनुष्यों से प्रेम करता है और इसके फलस्वरूप मनुष्यों के प्रति ईश्वर का प्रेम और ईश्वर के प्रति मनुष्य का बौद्धिक प्रेम एक ही वस्तु है। मानव के मन का सार ज्ञान में है जिसका मूल व आधार ईश्वर है।

15. हमारे चारों ओर की जो प्रकृति है, चारों ओर जो परिवेश दिखायी देता है, वह भौतिक पर्यावरण कहलाता है। प्रकृति क्या है ? पहाड़, नदियाँ, जंगल, सागर, झरने ये सब मानव निर्मित तो नहीं है। ये सब एक अज्ञात शक्ति के द्वारा ही बनाये गये हैं। इन सबको सम्मिलित रूप से प्रकृति कहते हैं।

    मानव को जीवन यापन के लिए भोजन, घर या भूमि, जल की आवश्यकता है। इन सबकी प्राप्ति प्रकृति प्रदत्त वस्तुएँ से होती है। प्रकृति इन सभी वस्तुओं की निष्काम भावना से जीव मात्र को प्रदान करती है। अत: इन वस्तुओं की रक्षा करने का दायित्व भी मनुष्य पर आता है क्योंकि मानव को इन प्राकृतिक संसाधनों का केवल उपभोक्ता है। अत: उपभोक्ता होने के नाते मनुष्य को इन प्राकृतिक उपहारों की रक्षा करती रहती है।

    मानव इन प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करता है तो इनका अंधाधुंध दोहन भी करता है। इस अति दोहन के कारण प्राकृतिक पर्यावरण को अत्यन्त हानि होती है। पेट्रोल, कोयला लकड़ी के दुरुपयोग से इनका भंडार कम हो रहा है। ओजोन परत की हानिकारक सूर्य की किरणों की गैसों से हमारे वातावरण की रक्षा करती है परन्तु ओजोन परत के क्षय से वातावरण में जो हानियाँ उत्पन्न होती चली जा रही है। उसका आगे यदि परिणाम नहीं सोचा गया तो बहुत नुकसान होगा।

    ध्वनि प्रदुषण की बहुत हानिकारक है।। इसे रोकने के लिए ध्वनि पर नियंत्रण बनना बहुत आवश्यक है। अत: भौतिक पर्यावरण हमारे जीवन के ऊपर अत्यधिक महत्वपूर्ण प्रभव डालता है। यदि जीवन में उन्नत, शान्तिपूर्ण व विकसित बनाना है तो भौतिक पर्यावरण को स्पष्ट रखना पड़ेगा। इसके लिए विभिन्न वातावरणीय प्रदूक्षणों को समाप्त करना अनिवार्य है।

❑

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

PHILOSOPHY

Set-X

MODEL PAPER - X

कुल प्रश्नों की संख्या : ४० + १० + ५ = ५५

Total No. of Questions : 40 + 10 + 5 = 55

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : २४

Total No. 1 of Printed Pages : 24

PHILOSOPHY

A.-PHL. (OPT)

समय : ३ घंटे १५ मिनट] [पूर्णांक : १००

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Marks : 100

परीक्षार्थी के लिये निर्देश :

Instructions to the candidate :

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   Figures in the right hand margin indicate full marks.
3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ भाग संख्या, खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

   Write Section number, Group number and Question number with every answer.

निर्देश : इस प्रश्न-पत्र में दो भाग-भाग-I एवं भाग-II हैं। भाग-I में खण्ड-अ एवं भाग-II में खण्ड-ब एवं खण्ड-स हैं।

भाग-I : भाग-I के खण्ड-अ के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। इस खण्ड के प्रश्न संख्या १ से ४० तक प्रत्येक १ अंक का है।

भाग-II : भाग-II के सभी प्रश्न गैर-वस्तुनिष्ठ हैं। भाग- II के खण्ड-ब के प्रश्न लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी १० प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न ३ अंक का है। भाग- II के खण्ड-स के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी ५ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न ६ अंक का है।

***Instructions* :**

This paper consists of two Sections - Section - I and II. Section - I consists of Group - A and Section - II consists of Group-B & Group - C.

***Section*-I :** Group A of Section - I are Objective Type Questions. In this group Question Nos. 1 to 40 carry 1 mark each.

***Section*-II :** All Questions of Section - II are Non-Objective Type. Group -B of Section-II are Short Answer Type questions. Answer all 10 questions. Each question carries 3 marks. Group-C of Section-II are Long Answer Type Questions. Answer all 5 questions. Each question carries 6 marks.

Model Paper - X

भाग-I

Section - I

खण्ड–अ

Group - A

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

(Objective Type Questions)

सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें। सही उत्तर का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें:

40 × 1 = 40

Answer all the questions. Answer each questions by Selecting the correct answer

40 × 1 = 40

1. देकार्त के दर्शन में संदेह है-

(a) साधन (b) साध्य

(c) साधन तथा साध्य (d) उपर्युक्त सभी

Doubt in the philosophy of Descartes is

(a) Means (b) End

(c) Both means and end (d) All the above

2. स्पिनोजा ने मन को बताया था-

(a) विचार (b) विस्तार

(c) विचार तथा विस्तार (d) इनमें से कोई नहीं

Spinoza attributed to mind-

(a) Thought (b) Extension

(c) Thought and Extension (d) None of these

3. नैतिक निर्णय का स्वरूप होता है-

(a) वणर्नात्मक (b) नियमात्मक

(c) सूचनात्मक (d) इनमें से कोई नहीं

The nature of Moral Judgment is

(a) Explanatory (b) Regulative

(c) Informative (d) None of these

4. Right (उचित) शब्द निम्नलिखित में किससे व्युत्पन्न है-

(a) Rectum (b) Rectus

(c) Retina (d) ये सभी

The term Right is originated from

(a) Rectum (b) Rectus

(c) Retina (d) All of these

5. Good शब्द व्युत्पन्न है-

(a) Gut से (b) Gout से

(c) God से (d) इनमें से कोई नहीं

The term Good is derived from

(a) Gut (b) Gout

(c) God (d) None of these

6. वस्तुवाद का आधार है-

(a) सामान्य ज्ञान (b) तार्किक ज्ञान

(c) इन्द्रियप्रत्यक्ष (d) विवेक

The basis of Realism is

(a) Common Sense (b) Logical Knowledge

(c) Perception (d) Reason

7. पुनर्जन्म असंभव है, कहता है-

(a) चार्वाक (b) महावीर

(c) बुद्ध (d) इनमें से कोई नहीं

***Rebirth is impossible,* it is supported by**

(a) Charvak (b) Mahavir

(c) Buddha (d) None of these

8. न्याय दर्शन प्रथम भारतीय है-

(a) तर्कशास्त्र (b) धर्मशास्त्र

(c) दर्शन (d) इनमें से कोई नहीं

Nyaya Philosophy is the first Indian-

(a) Logic (b) Scripture

(c) Philosophy (d) None of these

9. दुःख के प्रकार हैं-

(a) आध्यात्मिक (b) अधिभौतिक

(c) आधिदैविक (d) ये सभी

The Kinds of sufferings-

(a) Spiritual (b) adhibhautika

(c) Aadhidaivik (d) All of these

10. पाश्चात्य दर्शन का जनक है-

(a) सुकरात (c) प्लेटो

(c) अरस्तु (d) थेलिज

The father of Western Philosophy is-

(a) Socrates (b) Plato

(c) Aristotle (d) Thales

11. बुद्धिवादी ज्ञान का स्त्रोत है-

(a) सहज प्रत्यय (b) जन्मजात प्रत्यय

(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

The source of Rationalist Knowledge is

(a) Sahaj Pratyaya (b) Innate Ideas

(c) Both a and b (d) None of these

12. बुद्धिवादी दार्शनिक हैं-

(a) देकार्त (b) स्पिनोजा

(c) लाइबनीज (d) से सभी

Rationalist Philosopher-

(a) Descartes (b) Spinoza

(c) Leibnitz (d) All of these

13. पर्यावरण शब्द किससे बना है-

(a) इन्विरॉनर (b) इन्वराटर

(c) इन्वनार (d) इनमें से कोई नहीं

The term Environment has been derived from

(a) Enviorner (b) Envoritor

(c) Envinor (d) None of these

14. मन-शरीर सम्बन्ध सम्बन्धी विचार दिया गया-

(a) अन्तर्क्रियावाद (c) सामान्तरवाद

(c) पूर्वस्थापित सामंजस्यवाद (d) ये सभी

The theory of Mind-Body relation has been dealt in

(a) Interactionalism (b) Parallelism

(c) Pre Established Harmony (d) all of these

15. सामानान्तरवाद सिद्धान्त है-

(a) लॉक (b) स्पिनोजा

(c) देकार्त (d) लाइबनीज

Parallelism is given by

(a) Locke (b) Spinoza

(c) Descartes (d) Leibnitz

16. हीगेल के अनुसार मन शरीर में सम्बन्ध है-

(a) तादात्मय (b) भिन्नता

(c) सामंजस्य (d) इसमें से कोई नहीं

Mind-Body relation according to Hegel is

(a) Identity (b) Different

(c) Harmony (d) None of these

17. नीतिशास्त्र मानव आचरण का विज्ञान है। किसने कहा ?

(a) मैकेंजी (b) जेम्स

(c) लिलि (d) सेठ

Ethics is the science of human conduct. Who said it?

(a) Mackenzi (b) James

(c) Lili (d) Seth

18. अनुभववाद की दार्शनिक विधि है-

(a) निगमनात्मक (b) आगमनात्मक

(c) ज्यामितिक (d) ये सभी

The philosophical method of empiricism is

(a) Deductive (b) Inductive

(c) Geometrical (d) All of these

19. Virtue (सद्गुण) होता है-

(a) जन्मजात (b) अर्जित

(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

Virtue is-

(a) Innate (b) acquired

(c) both a and b (d) none of these

20. दर्शनशास्त्र के विषय हैं-

(a) पृथ्वी (b) आकाश

(c) पाताल (d) ये सभी

The subject-matter of Philosophy is:

(a) Earth (b) Ether

(c) Pataal (d) All of these

21. 'कर्मण्येवाधिरस्ते मा फलेषु कदाचन्' यह किस ग्रन्थ का वचन है-

(a) गीता (b) ब्रह्मसूत्र

(c) कठ उपनिषद् (d) मनुस्मृति

The Scripture that asserts 'Karmanyevadhikaraste ma phaleshu kadachan' is-

(a) The Gita (b) Brahmasutra

(c) Kathopnisada (d) Mansmrti

22. गीता में स्वधर्म का अर्थ है-

(a) सामान्य धर्म (b) राजधर्म

(c) युग धर्म (d) वर्ण धर्म

The meaning of Swadharma is-

(a) General duty (b) Rajadharma

(c) Yugdharama (d) Varna Dharma

23. आत्मा की सत्यता के लिए निम्न में से कौन सही है-

(a) व्यावहारिक (b) पारमार्थिक

(c) प्रतिभाषिक (d) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is the truth of Soul

(a) Practical (b) Parmarthika

(c) Pratibhasika (d) None of these

24. भारतीय दर्शन नहीं है-

(a) निराशावादी (b) अध्यात्मवादी

(c) प्राकृतिक (d) इनमें से कोई नहीं

Indian knowledge is not-

(a) Pessimistic (b) Spiritual

(c) Natural (d) None of these

25. सांख्यकारिका के रचयिता हैं-

(a) कपिल (b) कनाद

(c) गौतम (d) ईश्वर कृष्ण

Sankhya Karika is written by-

(a) Kapil (b) Kanada

(c) Gautam (d) Isvarkrishna

26. बुद्ध के अनुसर त्रिरत्न क्या है ?

(a) शील (b) समाधि

(c) प्रज्ञा (d) इनमें से कोई नहीं

What is Tri-Ratna according to the Buddha-

(a) Sila (b) Samadhi

(c) Prajna (d) All of the these

27. सांख्य दर्शन है :

(a) एकवादी (b) द्वैतवादी

(c) अनेकवादी (d) इनमें से कोई नहीं

Sankhaya Philosophy is-

(a) Monistic (b) Dualistic

(c) Polythestic (d) None of these

28. शंकराचार्य द्वारा रचित ग्रन्थ है-

(a) ब्रह्म सूत्र (b) सांख्यकारिका

(c) योग सूत्र (d) श्रीभाष्य

The book written by Shankaracharya-

(a) Brahma Sutra (b) Sankhya Karika

(c) Yogasutra (d) Sribhasya

29. न्याय दर्शन है-

(a) प्रत्ययवादी (b) प्रयोजनवादी

(c) वस्तुवादी (d) संशयवादी

Nyaya Philosophy is-

(a) Idealist (b) Teleological

(c) Realistic (d) Sceptic

30. इनमें से कौन जैन सम्प्रदाय है-

(a) हीनयान (b) महायान

(c) श्वेताम्बर (d) इनमें से सभी

Which of the following belongs to the Jaina school?

(a) Hinayana (b) Mahayana

(c) Swetambara (d) All of these

31. शंकराचार्य के अनुसार जगत् है-

(a) पारमार्थिक सत्य (b) व्यावहारिक सत्य

(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

The World according to Shankaracharya is-

(a) Transcendental (b) Practical

(c) Both (d) None of these

32. मोक्ष के लिये निर्वाण शब्द किस दर्शन में प्रयुक्त हुआ है-

(a) सांख्य (b) मीमांसा

(c) बौद्ध (d) जैन

Which philosophy uses the term 'Nirvana' for liberation?

(a) Sankhya (b) Mimansa

(c) Buddhism (d) Jaina

33. पुरुषार्थ हैं-

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) इनमें से कोई नहीं

The types of Purushartha :

(a) Two (b) Three

(c) Four (d) None of these

34. उपनिषदों का सार है-

(a) रामायण (b) गीता

(c) महाभारत (d) इनमें से कोई नहीं

The essence of the Upanisadas-

(a) The Ramayana (b) The Gita

(c) The Mahabharata (d) None of these

35. आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद के समर्थक हैं-

(a) प्लेटो (b) बर्कले

(c) हीगेल (d) इनमें से कोई नहीं

The supporter of Subjective Idealism-

(b)Plato (b) Berkeley

(c) Hegal (d) None of these

36. फिलॉसफी का अर्थ है-

(a) नियमों का आविष्कार (b) ज्ञान के प्रति प्रेम

(c) ज्ञान के प्रति अरूचि (d) इनमें से कोई नहीं

The meaning of Philosophy is-

(a) Invention of Laws (b) Love for knowledge

(c) Non-interest to knowledge (d) None of these

37. शंकर के अनुसार सत्-चित्-आनंद कौन हैं?

(a) ईश्वर (b) माया

(c) ब्रह्म (d) इनमें से कोई नहीं

Who among the following is Sat-Cit-Anand according to Sankar

(a) God (b) Maya

(c) Brahma (d) None of these

38. आस्तिक दर्शन की संख्या है-

(a) आठ (b) छः

(c) तीन (d) पाँच

The number of Orthodox Philosophy is-

(a) Eight (b) Six

(c) Three (d) Five

39. पर्यावरणीय नीतिशास्त्र है-

(a) मनुष्य केन्द्रित (b) जीवन केन्द्रित

(c) पशु केन्द्रित (d) इनमें से कोई नहीं

Environmental Ethics is-

(a) Man-centric (b) Life-centric

(c) Animal centric (d) None of these

40. अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र को कहते हैं-

(a) व्यावहारिक नीतिशास्त्र (b) अधिनीतिशास्त्र

(c) आदर्शमूलक नीतिशास्त्र (d) उपर्युक्त सभी

Applied Ethics is called-

(a) Practical ethics (b) Meta ethics

(c) Idealistic ethics (d) All of the above.

भाग–II

Section-II

(गैर वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Non-Objective Type Questions)

Group-B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Type Questions)

सभी प्रश्नों के उत्तर दें : **10 × 3 = 30**

Answer All Questions : **10 × 3 = 30**

1. 'स्थित प्रज्ञ' की अवधारणा का संक्षिप्त परिचय दें।

   Briefly mention the concept of 'Sthita Pranja'.

2. लोक संग्रह किसे कहते हैं ? लोक संग्रह किसका साधन है ?

   What is Lokasangraha ? Of which the Lokasangraha is a means?

3. जैन दर्शन में निर्जरा क्या है ?

   What is Nirjara in Jaina Philosophy?

4. न्यायदर्शन में निगमन का क्या अर्थ है ?

   What is the meaning of Nigamana in Nyaya Philosophy ?

5. उपमान क्या है ?

   What is Comparison?

6. बुद्धिवाद तथा अनुभववाद में अन्तर करें ?

   Distinguish between Rationalism and Empiricism.

7. अनुक्रमता सिद्धांत क्या है ? क्या बौद्ध दर्शन के द्वादश निदान को इसका उदाहरण कहा जा सकता है?

   What is the Theory of Succession ? Can Dwadasanidana of the Buddhist Philosophy be called its example?

8. ईश्वरवाद का क्या अर्थ है ? हीगेल ईश्वर को क्या मानता है ?

   What is Theism? What does Hegel consider to God ?

9. नैतिकता का संबंध किससे है? 'व्यक्ति बनो'- यह किसका वक्तव्य है ?

   Of which morality is related to? Who said - 'Be a Person'.

10. मानव जीवन की स्वास्थता से क्या तात्पर्य है ? पर्यावरणीय आचरण के संबंध में पीटर सिंगर का क्या मत है?

    What is meant by healthy human life? What does Peter Singer say about environmental activities?

खण्ड-स

Group - C

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Type Questions)

11. जैन के अनुसार द्रव्य से आपका क्या अभिप्राय है ?

    What do you understand by substances of Jain?

12. निष्काम कर्म की तुलना काण्ट के 'कर्त्तव्य कर्त्तव्य के लिए होता है' सिद्धान्त से कीजिए।

    Compare Niskama Karma with Kant's theory 'Duty for Duty Sake'.

13. बुद्ध का 'द्वितीय आर्यसत्य' क्या है? स्पष्ट करें।

    What is the 'Second Noble Truth' of Buddha? Explain.

14. ईश्वर के अस्तित्व के सम्बन्ध में तात्विक प्रमाणों का उल्लेख कीजिए।

    Discuss the Ontological arguments for existence of God.

15. चिकित्सा नीतिशास्त्र के मुख्य सिद्धांतों की विवेचना कीजिए?

    Discuss the main principles of Medical Ethics?

- ANSWERS -

1. (a)	2. (a)	3. (b)	4. (b)	5. (a)	6. (c)
7. (a)	8. (a)	9. (d)	10. (d)	11. (c)	12. (d)
13. (a)	14. (d)	15. (b)	16. (a)	17. (a)	18. (b)
19. (b)	20. (d)	21. (a)	22. (d)	23. (b)	24. (a)
25. (d)	26. (d)	27. (b)	28. (a)	29. (a)	30. (c)
31. (b)	32. (c)	33. (c)	34. (b)	35. (b)	36. (b)
37. (c)	38. (b)	39. (b)	40. (a)		

- ANSWERS -

1. जो मनुष्य मन और इन्द्रियों को पूरी तरह से अपने वश में कर लेता है। वह स्थित प्रज्ञ हो जाता है। स्थितप्रज्ञ वही है जिसकी बुद्धि स्थिर होती है। स्थित प्रज्ञ विषयासक्ति के कारण कभी भ्रमित नहीं होता।
2. इस संसार में रहने वाले व्यक्तियों का कल्याण ही 'लोक संग्रह' कहलाता है। लोक संग्रह निष्काम कर्म का साधन है।
3. जीव में प्रविष्ट हुए कर्म पुद्गलों को बाहर निकालने की प्रक्रिया निर्जरा कहलाती है। निर्जरा बन्धन के बीच कर्म पुद्गलों की नाश की प्रक्रिया है।
4. उपनय के आधार पर जिस तर्कवाक्य में साध्य का होना बतलाया जाए उसे निगमन कहते हैं।
5. किसी ज्ञान वस्तु की समानता के आधार पर अज्ञात वस्तु का ज्ञान उपमान कहलाता है।
6. बुद्धिवाद एक ज्ञानमीमांसीय सिद्धांत है जिसके अनुसार ज्ञान की उत्पत्ति बुद्धि से होती है। इसके विपरीत अनुभवाद यह मानता है कि समस्त ज्ञान अनुभव से अर्जित किया जाता है।
7. अनुक्रमता सिद्धांत कार्य कारण संबंधों को स्पष्ट करने का एक सिद्धांत है। इस सिद्धांत के अनुसार कारण एवं कार्य में गणितीय संबंध है। जैसे-1 के बाद 2 और 2 के बाद 3 आता है। इसी प्रकार, कारण के बाद कार्य आता है। बौद्ध दर्शन का द्वादश निदान इसका एक अच्छा उदाहरण है।
8. ईश्वरवाद एक सिद्धांत है जो ईश्वर के अस्तित्व में विश्वास करता है तथा उस विश्वास को सत्य मानता है। हीगेल ईश्वर को पूर्ण चेतन मानते हैं।
9. नैतिकता का संबंध मानवीय आचरण से है। 'व्यक्ति बनो' हीगेल का कथन है।
10. मानव जीवन की स्वच्छता से तात्पर्य है कि हमारा भौतिक और मानसिक पर्यावरण लाभप्रद है। पीटर सिंगर का मत है कि हमें वे कार्य करने चाहिए जिससे पर्यावरण सुरक्षित रखा जा सके।
11. जैन दर्शन के अनुसार- "द्रव्य वह है, जिसमें गुण और पर्याय हों।' गुण वस्तु का आवश्यक धर्म है और पर्याय उसका अनावश्यक या आकस्मिक धर्म। वेदांती ब्रह्म की नित्यता पर जोर देते हैं और बौद्ध विश्व की नश्वरता एवं क्षणभंगुरता पर जोर देते हैं। किन्तु जैन विचारक इन दोनों को एकांगी बताकर नित्यता और नश्वरता दोनों का समर्थन करते हैं।

    जैनों के अनुसार द्रव्य के दो प्रकार हैं- (1) अस्तिकाय, और (2) अनस्तिकाय। अस्तिकाय द्रव्य जगह धघेरते हैं किन्तु अनस्तिकाय द्रव्य जगह नहीं घेरते। अनस्तिकाय द्रव्य एक ही और वह है 'काल'। किन्तु

अस्तिकाय द्रव्यों की संख्या अनेक है। इनके दो प्रकार हैं- (1) जीव और (2) अजीव। जीव के दो भेद हैं- मुक्त और बद्ध। मुक्त जीव वे हैं, जिन्होंने मोक्ष प्राप्त कर लिया है। बद्ध जीव वे हैं, जो अभी तक बंधनग्रस्त है। बद्ध जीव के दो प्रकार हैं- गतिमान और गतिहीन।

अजीव के चार प्रकार हैं, जो निम्नलिखित हैं-

(a) धर्म- जैनो के अनुसार धर्म वह है, जो वस्तु को गतिशील बनाए रखने में मदद पहुँचाता है।

(b) अधर्म- जो किसी वस्तु को स्थिर या विराम में रखने में सहायक है।

(c) पुद्गल- भौतिक द्रव्य ही जैनों के अनुसार पुद्गल है। रूप, रस, गंध और स्पर्श से युक्त द्रव्य पुद्गल कहलाते हैं।

(d) आकाश- आकाश ही अस्तिकाय द्रव्यों को स्थान देता है। आकाश भी दो प्रकार का है- 'लोकाकाश' और 'आलोकाकाश'। लोकाकाश जीव, पुद्गल, धर्म एवं अधर्म का निवास स्थान है। अलोकाकाश इस जगत से परे हैं।

काल अनिस्तकाल द्रव्य का उदाहरण है, यह स्थान नहीं घेरता। काल के दो प्रकार हैं- व्यावहारिक काल, तथा पारमार्थिक काल। व्यावहारिक काल का आरंभ और अंत दोनों होता है। पारमार्थिक काल अनादि एवं अनन्त है। यह नित्य एवं अमूर्त्त है, इसका विभाजन संभव नहीं है।

12. काण्ट का 'कर्त्तव्य कर्त्तव्य के लिए' का सिद्धांत गीता के निष्काम कर्म से मिलता-जुलता है। काण्ट का कहना है कि हमें कोई भी काम कर्त्तव्य समझकर ही करना चाहिए, न कि उसके फल की इच्छा रखकर। दोनों के विचारों में काफी समानता पाई जाती है। काण्ट के दर्शन में कर्त्तव्य-भावना पर जोर दिया गया है, तो गीता में निष्काम कर्म की प्रधानता स्वीकार की गयी है। कर्म का नैतिक गुण कर्त्ता की बुद्धि के अधीन माना गया है। दोनों ने ही व्यक्ति की महत्ता स्वीकार की है। स्वतंत्र संकल्प दोनों की ही दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गीता कहती है- जैसा तुम चाहते हो वैसा करो। कांट भी कहते हैं- "तुम चाहते हो, इसलिए तुम कर सकते हो।" विषयवासना पर नियंत्रण दोनों का आदेश है। कांट व्यावहारिक बुद्धि को महत्वपूर्ण मानते हैं, तो गीता व्यावसायिक बुद्धि को महत्व प्रदान करती है। दोनों ने कर्मों का आधार लोकहित माना है।

उपर्युक्त समानताओं के बावजूद दोनों में निम्नलिखित अंतर पाये जाते हैं-

(1) गीता की नीति का आधार ब्रह्मविद्या है, तो कांट ब्रह्मविद्या उनकी नीतिविद्या पर आधृत है।

(2) गीता की शुद्ध बुद्धि कांट की बुद्धि से अधिक व्यावहारिक है।

(3) कांट इन्द्रियों के दमन का आदेश देते हैं मगर गीता उच्चतर इच्छाओं के लिए निम्न इच्छाओं को त्यागने पर जोर देते हैं।

(4) कांट कर्त्तव्यपालन में किसी प्रकार का अपवाद नहीं मानते, मगर गीता परिस्थितिविशेष में अपवाद को भी स्वीकार करती है।

(5) कांट की नीति ज्ञानप्रधान है, गीता की नीति में ज्ञान, भक्ति एवं कर्म के तत्वों का अद्भुत सामंजस्य पाया जाता है।

(6) कांट नैतिकता को ही एकमात्र आदर्श मानते हैं, किन्तु गीता 'मोक्ष' को चरम आदर्श मानते हैं। गीता का निष्काम कर्म का संदेश कांट की अपेक्षा अधिक व्यापक एवं श्रेष्ठकर है।

13. बुद्ध के द्वितीय आर्यसत्य में दुःख की उत्पत्ति पर विचार किया गया है। प्रत्येक घटना का कोई कारण अवश्य होता है। दुःख भी एक घटना का कार्य है। इसलिए इसका भी कोई कारण अवश्य होना चाहिए। प्रायः सभी भारतीय विचारकों ने अज्ञान को ही दुःख का मूल कारण बताया है। बौद्ध दर्शन में दुःख की उत्पत्ति का सिद्धांत बौद्धों के 'प्रतीत्यसमुत्पाद' अर्थात् कार्यकारण सिद्धांत पर आधृत है। प्रतीत्यसमुत्पाद दो शब्दों के योग से बना है- 'प्रतीत्य; और 'समुत्पाद'। 'प्रतीत्य' का अर्थ है किसी वस्तु के उपस्थित होने पर और 'समुत्पाद' का अर्थ किसी अन्य वस्तु की उपस्थिति। इस सिद्धांत के अनुसार कोई भी वस्तु न तो शाश्वत है और न पूर्णतया नश्वर ही। बौद्ध दर्शन के अनुसार प्रत्येक वस्तु अपने बाद कुछ-न-कुछ अवश्य छोड़ जाती है। इसलिए किसी वस्तु का पूर्णतया नाश नहीं होता है। प्रतीत्यसमुत्पाद को मान लेने पर दुःख का भी कारण मानना आवश्यक हो जाता है। बौद्ध-दर्शन में दुःख के कारण में बारह कड़ियों को तीनों कालों के अंतर्गत इस प्रकार रखा जा सकता है-

अतीत काल-	(i) अविद्या
	(ii) संस्कार
वर्त्तमान काल-	(iii) विज्ञान
	(iv) नामरुप
	(v) षडायतन
	(vi) स्पर्श
	(vii) वेदना
	(viii) तृष्णा
	(ix) उपादान
	(x) भव
भविष्य काल-	(xi) जाति
	(xii) जरा-मरण

प्रतीत्यसमुत्पाद को कई नामों से पुकारा जाता है। 'द्वादश निदान', भवचक्र', 'जन्म-मरण चक्र', 'धर्मचक्र' आदि इसके उल्लेखनीय नाम है।

14. मध्यकालीन दार्शनिक संत असलेम ने सर्वप्रथम ईश्वर के विषय में तत्व विषयक प्रमाण प्रस्तुत किया जिसको बाद में देकार्त ने विकसित किया। इस तर्क के अनुसार हम ईश्वर को सर्वोच्च सत्ता के रूप में मानते हैं तथा इसके पूर्ण भी मानते हैं। इस प्रकार जब हम ईश्वर को पूर्ण मानते हैं तब इसका अस्तित्व भी अवश्य होना चाहिए क्योंकि अस्तित्व के अभाव में इसे पूर्ण नहीं माना जा सकता है। इससे स्पष्ट है कि तत्व विषयक तर्क के अनुसार ईश्वर की पूर्णता ही इसके अस्तित्व का प्रमाण है। इसके साथ ही यह भी यथार्थ है कि अस्तित्व के अभाव में ईश्वर को सर्वोच्च भी नहीं माना जा सकता। देकार्त ने ईश्वर के अस्तित्व के विषय में तत्व विषयक तर्क कुछ भिन्न प्रकार से दिया है। इसका कहना है कि हमारे मन जो असीम सर्वज्ञ और शाश्वत सत्ता का प्रत्यय है। वह असीम सर्वज्ञ और शाश्वत शक्ति के अस्तित्व को सिद्ध करता है क्योंकि यदि यह विचार किया जाए कि ईश्वर का प्रत्यय का विचार कहाँ से उत्पन्न हुआ तब

इस विषय में मनुष्य को स्वयं इस साधारण का कारण नहीं माना जा सकता क्योंकि मनुष्य अपूर्ण है। इसलिए वह पूर्ण के प्रत्यय का कारण नहीं हो सकता। इसके अतिरिक्त यदि यह कहा जाए कि असीम प्रत्यय सकारात्मक न होकर नकारात्मक है, तब देकार्त का यह कहना है कि असीम का बोध असीम से पूर्व और अधिक स्पष्ट तथा यथार्थ होता है क्योंकि ससीमता असीमता से अपेक्षा रखती है तथा अपूर्ण पूर्ण की अपेक्षा से होता है। इस प्रकार असीम के प्रत्यय का कारण न तो मनुष्य है और न ही यह नकारात्मक प्रत्यय है। बल्कि इस प्रत्यय का स्वयं ईश्वर ही कारण है। इस विषय में यदि कहा जाए कि मनुष्य असीम एवं अपूर्ण है तब इसके मन में असीम और पूर्ण का प्रत्यय कैसे बन सकता है। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए देकार्त ने कहा है कि यह तो मान्य है कि मनुष्य समिति है। इसलिए वह असीम की धारण को ग्रहण नहीं कर सकता किन्तु इस विषय में यह भी स्पष्ट ही है कि मनुष्य यह तो जान सकता है कि उसके मन जो असीम की धारणा है वह स्वयं से सम्बन्धित नहीं वरन् इसका सम्बन्ध किसी पूर्ण ईश्वर से ही हो सकता है। इस प्रकार स्पष्ट ईश्वर का प्रत्यय या असीम का प्रत्यय ही ईश्वर के अस्तित्व का प्रमाण है।

15. पुरातन समय के शिक्षाशास्त्रियों ने न केवल चिकित्सा क्षेत्र का ज्ञान बढ़ाया बल्कि चिकित्सा के सिद्धांत करने के नियम, चिकित्सक की आचार नीति की बतायी। लगता है कि उन लोगों को पहले ही इस बात का ज्ञान हो गया था कि आने वाले समय में चिकित्सा जैसे पवित्रतम पेशे में भी भ्रष्टाचार व लालच की प्रवृत्ति पनप जायेगी। चिकित्सक को तो भगवान के रूप में माना जाता है परन्तु आज यह हालत है कि चिकित्सक रूपी भगवान ही हैवान बने बैठे हैं। उनके मन में पैसा कमाने की इतनी वृत्तियाँ हैं कि वे साम, दाम, दण्ड, भेद इन चारों विधियों से धन कमाने में लगे हैं।

वास्तव में प्रत्येक चिकित्सक सामाजिक दायित्व से बंधा है। उस दायित्व को पूरा करना ही चिकित्सक का कर्तव्य है। अपने कर्तव्य की पूर्ति के लिए जिन उपायों को अपनाने की आवश्यकता है। वह है- ईमानदारी, सहानुभूति, सत्यवादिता, दयालुता, प्रेम आदि। किसी रोगी के साथ ईमानदारी से व कार्य-कुशलता से व्यवहार किया जाये तो उसके मन पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और रोगी का कुछ रोग तो अपने-आप ही ठीक हो जाता है। चिकित्सक अपने रोगियों के साथ प्रेमपूर्वक बातें करें, उसका दर्द समझे, उसे अपनापन प्रदर्शित करें तो रोगी को अस्पताल-अस्पताल न लगकर घर लगने लगता है।

मगर आज के समय में चिकित्सक मोटी फीस, महंगे ऑपरेशन, खर्चीली दवाइयों पर रोगी का इतना खर्च करा देते हैं कि रोगी अपने रोग न मरकर अपने इलाज के खर्चे तले ही आकर मर जाता है।

अतः आज इस विषय पर समग्र चिन्तन की महती आवश्यकता है।

❑